▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 69
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, मंगलवार 22 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

## ब्रीफ न्यूज

### नगर निगम जोधपुर: प्राप्त दोनों नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए

**जोधपुर**। नगर निगम जोधपुर (कुल 100 वार्ड) के महापौर चुनाव 2026 के तहत दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की समीक्षा (स्क्रूटनी) प्रक्रिया सोमवार,दिनांक 21 सितंबर,2026 को संपन्न हो गई है। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार दूसरे दिन कुल 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जबकि पहले दिन (18 सितंबर 2026) कोई भी फॉर्म नहीं मिला था। सोमवार हुई नामांकन पत्रों की समीक्षा के बाद एक भी नामांकन पत्र निरस्त नहीं हुआ और सभी 2 नामांकन पत्र पूर्णतः वैध पाए गए हैं। समीक्षा में किसी भी दावेदार का पर्चा खारिज न होने से अब दोनों अभ्यर्थियों के नामांकन मान्य हैं तथा नाम वापसी की निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी।

### एशियन गेम्स फाइनल में भारत Vs श्रीलंका

**निशिन**। भारत और श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीमें एशियन गेम्स के गोल्ड मेडल के लिए मंगलवार को आमने-सामने होंगी। फाइनल निस्शिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में सुबह 10:30 बजे से खेला जाएगा। भारत 2023 में श्रीलंका को हराकर हांगझोउ एशियन गेम्स का चैंपियन बना था। भारत ने क्वार्टर फाइनल में जापान को 8 विकेट और सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराया। वहीं श्रीलंका ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया को 86 रन और सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 8 विकेट से मात दी। दोनों के बीच अब तक 32 टी-20 इंटरनेशनल हुए हैं।

### चीन की कपड़ा फैक्ट्री में आग से 8 की मौत

**बीजिंग**। दक्षिण चीन में एक कपड़ा फैक्ट्री में आग लगने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो



गया, चीनी स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार घटना प्रांत के फोशान शहर में एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। बचाव कार्य अभी भी जारी है। 28 जुलाई को, शिनजियांग में एक फैक्ट्री में आग लगने के बाद लोग मारे गए।

### » अंदर विशेष



केरल के प्रवासी मजदूर: सिर्फ 'मेहमान' नहीं, सम्मान और अधिकार के हकदार

प्रदीप बीदावत का विशेष लेख- पढ़ें पेज 4

पढ़ें पेज 4

# 1980 की मतदाता सूची में नाम का मामला कोर्ट पहुंचा: सोनिया गांधी के खिलाफ 29 को सुनवाई

## शिकायत में कथित तौर पर फर्जी या गलत दस्तावेजों के इस्तेमाल की आशंका जताई

**जूम न्यूज • नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम के कथित तौर पर 1980 की मतदाता सूची में शामिल होने से जुड़ा मामला एक बार फिर अदालत पहुंच गया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली शिकायत को खारिज कर दिया गया था। अदालत ने मामले को निचली अदालत में वापस भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी।

विशेष न्यायाधीश ने निचली अदालत के आदेश को 'नॉन-स्पीकिंग' यानी पर्याप्त कारण दर्ज नहीं करने वाला आदेश बताया। अदालत के मुताबिक, निचली अदालत ने इस महत्वपूर्ण सवाल पर पर्याप्त विचार नहीं किया कि शिकायत में संज्ञेय अपराध के आरोप सामने आते हैं या नहीं। साथ ही पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मंगाने और संबंधित पुलिस अधिकारी की दलील सुनने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई।

### क्या है शिकायत

यह शिकायत अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने दायर की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की 1980 की मतदाता सूची में शामिल था, जबकि उनके भारतीय नागरिकता हासिल करने की तारीख 30 अप्रैल 1983 बताई गई है। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि यदि उस समय वह भारतीय नागरिक नहीं थीं तो उनका नाम मतदाता सूची में किस आधार पर दर्ज किया गया। शिकायत में कथित तौर पर फर्जी या गलत दस्तावेजों के इस्तेमाल की आशंका भी जताई गई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, सोनिया गांधी का नाम 1980 की मतदाता सूची में दर्ज हुआ, 1982 में हटा दिया गया और 1983 में दोबारा सूची में शामिल किया गया। शिकायत में इसी क्रम को लेकर सवाल उठाते हुए पुलिस जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है।

### मतदाता बनने के लिए नागरिकता जरूरी

चुनाव आयोग के अनुसार भारत में मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना और संबंधित क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 में भी गैर-भारतीय नागरिक को मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए अयोग्य बताया गया है।

### निचली अदालत ने 2025 में शिकायत खारिज की थी

इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट की मजिस्ट्रेट अदालत ने 11 सितंबर 2025 को शिकायत खारिज कर दी थी। शिकायतकर्ता ने सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच का निर्देश देने की मांग की थी। निचली अदालत ने शिकायत में लगाए गए आरोपों और उपलब्ध दस्तावेजों को पर्याप्त नहीं माना था तथा मामले में संवैधानिक और कानूनी अधिकार क्षेत्र से जुड़े सवाल भी उठाए थे। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उस आदेश को चुनौती देते हुए पुनरीक्षण याचिका दायर की।

### सोनिया गांधी की ओर से आरोपों का खंडन

सोनिया गांधी ने अदालत में दाखिल अपने जवाब में शिकायत को गलत, राजनीतिक रूप से प्रेरित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया था। उनकी ओर से कहा गया था कि शिकायतकर्ता ने कथित मतदाता पंजीकरण, नागरिकता से जुड़े दस्तावेज या कथित फर्जी दस्तावेजों की मूल अथवा प्रमाणित प्रतियां पेश नहीं की हैं। उनकी ओर से यह भी दलील दी गई कि नागरिकता से जुड़े प्रश्न केंद्र सरकार और मतदाता सूची से जुड़े मामलों का अधिकार क्षेत्र निर्वाचन आयोग के पास है।

### विशेष अदालत ने क्या कहा

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण अदालत स्वयं मजिस्ट्रेट की भूमिका नहीं निभा सकती। इसलिए अदालत ने यह फैसला नहीं दिया कि सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए या आरोप सही हैं। उसने केवल निचली अदालत के पुराने आदेश को रद्द कर शिकायत पर कानून के मुताबिक नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया है। अब निचली अदालत पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मंगाएगी, संबंधित पक्षों को सुनेगी और एक कारणयुक्त आदेश के जरिए तय करेगी कि शिकायत में लगाए गए आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने अथवा अन्य कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आधार बनता है या नहीं। इस तरह फिलहाल अदालत के सामने मुद्दा सोनिया गांधी को दोषी ठहराने का नहीं, बल्कि यह तय करने का है कि 1980 की मतदाता सूची में उनके नाम के कथित समावेश से जुड़े आरोपों की पुलिस जांच या अन्य कानूनी कार्रवाई के लिए पर्याप्त आधार है या नहीं।

## सरदारशहर में भाजपा का बोर्ड

# अनीता राकेश टाक बनीं सभापति; भाजपा को 32, कांग्रेस को 23 वोट




**जूम न्यूज • सरदारशहर**

नगर परिषद सभापति चुनाव में भाजपा की अनीता राकेश टाक ने कांग्रेस की मोनिका सैनी को हराकर सभापति पद पर जीत दर्ज की। अनीता राकेश टाक को 32 और मोनिका सैनी को 23 मत मिले। परिणाम की घोषणा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की गई। इसके साथ ही 55 सदस्यीय नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनना तय हो गया। सभापति चुनाव में बहुमत के लिए 28 मत जरूरी थे, लेकिन भाजपा प्रत्याशी को 32 मत मिले। परिणाम घोषित होते ही नगर परिषद के बाहर भाजपा समर्थकों ने पटाखे फोड़े और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी जताई। मतदान प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस पार्षद सुबह करीब 10.15 बजे नगर परिषद पहुंचे, जहां दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। इसके बाद भाजपा पार्षद भी करीब 11 बजे पहुंचे। मतदान और मतगणना पूरी होने के बाद अनीता राकेश टाक को निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव से एक दिन पहले तक भाजपा के भीतर पार्षदों के समर्थन को लेकर अलग-अलग राजनीतिक समीकरण चर्चा में थे। मतदान के दिन भाजपा खेमे की एकजुटता सामने आई और पार्टी को 32 मत मिले। जीत के बाद राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अशोक पिचा और हंसराज सिद्ध सहित भाजपा से जुड़े नेता व समर्थक जश्न में नजर आए। राजेंद्र राठौड़ की भूमिका और मौजूदगी भी चर्चा में रही। अब नगर परिषद में उपसभापति चुनाव पर नजर है। सभापति के निर्वाचन के बाद उपसभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। नगर परिषद परिसर और आसपास पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था

## सीएम बोले- निकाय चुनाव में जीत के लिए जनता का धन्यवाद

# कांग्रेसियों को हमेशा कुर्सी का डर, 3-3 महीने में चुनाव कराते थे: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जूम न्यूज • जयपुर**

सीएम ने कहा- कांग्रेसियों को हमेशा अपनी कुर्सी का डर रहता था, इसलिए हर तीन-तीन महीने में चुनाव कराते थे। जब निकाय चुनाव शुरू नहीं हुए थे, तभी से इन्होंने सत्ता के दुरुपयोग का राग अलापना शुरू कर दिया था। जब चुनाव ही शुरू नहीं हुए तो कैसे दुरुपयोग कर लिया। निकाय चुनाव में भाजपा की बम्पर जीत के बाद सोमवार शाम को प्रदेश कार्यालय में जश्न के दौरान सीएम भजनलाल ने ये बात कही। सीएम ने कहा- कांग्रेसी कभी कहते हैं कि सीएम की अधिकारी नहीं सुनते हैं। कभी कहते हैं कि अधिकारी हमारे हिसाब से काम कर रहे हैं। उनकी खुद की कोई जमीन नहीं है। ये जैसा समय होता है, वैसा ही राग अलापना शुरू कर देते हैं। राजस्थान में अब तक 301 निकायों के रिजल्ट घोषित हो चुके हैं। इनमें से बीजेपी के सबसे ज्यादा अध्यक्ष बने हैं।

वहीं भाजपा ने 7 में से 6 नगर निगम जीतकर अपने मेयर बनाए हैं। भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान के 4 जल समझौते सदियों से अटके हुए थे। हमारी सरकार ने सभी अटके हुए जल समझौते पूरे किए। कांग्रेस ने हमेशा उन्हें अटकाने का काम किया। जिस तरह से प्रदेश की जनता ने हमें निकाय जिताए हैं, हम





उसके आभारी रहेंगे। सीएम ने कहा- कांग्रेस के लोग कभी राजनीति नहीं करते हैं, यह लोग जातिवाद और धर्म के हिसाब से टिकट बांटकर समीकरण बनाते हैं। चुनाव में जीत पर सीएम ने कहा- इस जीत के लिए प्रदेश की जनता का धन्यवाद है। जीत का श्रेय हमारे कार्यकर्ताओं को जाता है। आज हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। ऐसा नेतृत्व सदियों में मिलता है। उनके नेतृत्व में राजस्थान लगातार आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर मंच पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, महामंत्री श्रवण बगड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, जयपुर जिले के तीनों जिला अध्यक्ष, प्रदेश मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मदन राठौड़ बोले- जो कमी रह गई, उसकी समीक्षा करेंगे

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- सीएम भजनलाल शर्मा में अद्भुत प्रतिभा है। वे प्रत्येक कार्यकर्ता को नाम से पहचानते हैं। सत्ता के साथ उनके संगठन के अनुभव के चलते हमने यह निकाय का युद्ध जीता है। इसका पूरा श्रेय सीएम भजनलाल शर्मा को जाता है। आगे हम पंचायत के चुनाव भी जीतेंगे। मदन राठौड़ ने कहा- इन निकायों में राजस्थान की जनता ने हमें पूरा आशीर्वाद दिया। पीएम मोदी के विजन पर विश्वास जताया है। प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से बिखरी हुई है। वह 100 निकाय भी नहीं जीत पाएगी। हम अभी तक 200 से ज्यादा निकाय जीत चुके हैं। अभी और परिणाम आने शेष हैं। हम 309 में से 309 निकाय जीतना चाहते थे। इसमें जो भी कमी रह गई, उसकी भी हम समीक्षा करेंगे। मदन राठौड़ ने कहा- चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग नहीं हो सकता है। विजयी पार्षद गुप्त मतदान करता है। उसका हाथ पकड़कर कोई अपने पक्ष में वोट नहीं डलवा सकता है। पार्षदों को प्रलोभन देने के गहलोत की बात पर मदन राठौड़ ने कहा- अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री बनने के लिए दो बार बसपा के हाथी को डकार लिया था। वह किस मुंह से हमसे सवाल कर रहे हैं। उन्हें तो सवाल करने का कोई अधिकार ही नहीं है। उन्होंने बसपा के विधायकों को मंत्री बनाया, लेकिन हमने किसी भी निर्दलीय पार्षद को कोई पद नहीं दिया। डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- मैं बहुत छोटा आदमी हूं। डोटासरा बहुत महान व्यक्ति हैं। वे अपनी महानता को बनाए रखें। राठौड़ ने कहा- डोटासरा अपनी पार्टी की पीठ में छुरा घोंप सकते हैं। हम ऐसा काम नहीं कर सकते हैं। वह क्रीमीलेयर होते हुए भी अपने बच्चों को ओबीसी का लाभ दिला सकते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। इसलिए डोटासरा जैसे चल रहे हैं, वैसे चलते रहें।

## पूछताछ के दौरान खुलासा

# राजस्थान के 2 व्यापारियों की हत्या करने की साजिश थी

## सबसे खतरनाक शार्पशूटर्स को नेपाल से बुलाया था

**जयपुर**। राजस्थान की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) के हत्थे चढ़े लॉरेंस गैंग के 2 शार्प शूटरों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। दोनों जोधपुर के 2 व्यापारियों को मारने आए थे। इसके लिए विदेशी ऑटोमैटिक हथियारों की खेप पहुंचने वाली थी। वारदात के बाद इनका फर्जी पासपोर्ट के जरिए विदेश भागने का भी प्लान था। AGTF को 15 दिन पहले ही इसकी जानकारी मिल गई थी। पकड़ने के लिए पुलिस टीमें नेपाल भी पहुंची थी। लेकिन वहां से ये भाग निकले। पुलिस वहां से शूटरों के पीछे लगी। बदमाश 5 बार चकमा देने में कामयाब रहे। आखिरकर, जोधपुर पहुंचते ही इनको दबोच लिया गया।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के एडीजी दिनेश एमएन ने बताया- टीम को 15 दिन पहले टिप मिली थी कि नेपाल में फरारी काट रहे लॉरेंस के 2 शूटर जसकरण और राजिंदर राजस्थान में वारदात के लिए आ रहे हैं। बदमाशों के नेपाल में होने की पुष्टि हुई। टीम नेपाल पहुंची, लेकिन उससे पहले ही दोनों वहां से निकल चुके थे।

बदमाशों की लोकेशन गोरखपुर आने पर टीम वहां पहुंची, लेकिन पुलिस को कामयाबी नहीं मिली। दो दिन सर्च के बाद पता चला कि शूटर वाराणसी पहुंच गए हैं। टीम ने काशी के होटलों में सर्च किया, लेकिन दोनों बदमाश फर्जी आईडी से होटल में रुके हुए थे, इसी वजह



से पकड़े नहीं जा सके। करीब 3 दिन काशी में सर्च के बाद पता चला कि दोनों बदमाश इंदौर पहुंच गए हैं। वहां भी 3 दिन तक पुलिस को कोई खास कामयाबी नहीं मिली। इस बीच इंटेलीजेंस टीम को पता चला कि दोनों बदमाश राजस्थान में एंटर कर चुके हैं और सिरोही के एक होटल में हैं। लोकल पुलिस की मदद से होटलों में सर्च चलाया। लेकिन रेड से पहले दोनों बस से जोधपुर के लिए निकल गए। इसके बाद बदमाशों की लोकेशन जोधपुर आई, जहां आईजी अंशुमान भोमिया की मदद से दोनों बदमाशों को होटल में पकड़ा। तलाशी के दौरान बदमाशों के पास दो हथियार, करीब 88 हजार रुपए और अफीम मिली।

बदमाशों ने कड़ाई से पूछताछ के बाद खुलासा किया वो जोधपुर में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। इनके टारगेट पर 2 व्यापारी थी। इसके साथ ही जोधपुर से ही इनको ऑटोमैटिक हथियारों की सप्लाई होनी थी। शूटर जसकरण उर्फ बिल्ला के मोबाइल फोन से कई इंटरनेशनल नंबरों और जोधपुर के लोकल नंबरों पर कॉल का रिकॉर्ड मिला है।

## एटीएस जोधपुर और रानीवाड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# जालोर में 27,204 नशीली टेबलेट जब्त, डॉक्टर समेत 6 आरोपी पकड़े

**जूम न्यूज • जालोर**

एटीएस जोधपुर एवं पुलिस थाना रानीवाड़ा की संयुक्त टीम ने नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वाहन से 27,204 नशीली टेबलेट बरामद की हैं। पुलिस ने मामले में डॉक्टर समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचौर एवं वृत्ताधिकारी रानीवाड़ा के सुपरविजन में 20 सितंबर 2026 को एटीएस एवं रानीवाड़ा थानाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मालवाड़ा चार रास्ता के पास भीनमाल जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की। इस दौरान GJ 12 DM 8391 नंबर के वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन में कुल छह व्यक्ति सवार मिले। वाहन में एनडीपीएस घटकयुक्त नशीली टेबलेट होने की आशंका पर पुलिस ने वाहन को रुकवाकर जांच की। कार्रवाई के दौरान जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी जालोर को मौके पर बुलाया गया। औषधि नियंत्रण अधिकारी द्वारा संदिग्ध टेबलेट की जांच की गई, जिसमें अलग-अलग 70 प्रकार की टेबलेट एनडीपीएस घटकयुक्त प्रतिबंधित पाई गईं। पुलिस ने वाहन से Zybuflex Tablet (Paracetamol & Tramadol Hydrochloride), Alzopraxi-1 (Alprazolam Tablet) और Repeo-A (Alprazolam with Propranolol Tablet) सहित कुल 70 प्रकार की 27,204 नशीली टेबलेट बरामद कीं। इसके बाद वाहन को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. देवेंद्र चौधरी (46), नरेश भाई (35), राहुल (26), बोलीम उर्फ इस्माइल (35), साहिलेरा चौधरी (23) और साहिबाल जोशी (48) शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर मामले की जांच जारी रखी है। पुलिस की इस कार्रवाई को नशीली दवाओं की अवैध तस्करी के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

### अपनी सिम दूसरे को दी तो 50 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली**। अपने डॉक्यूमेंट्स पर ली गई सिम किसी और को देना भारी पड़ सकता है। दूरसंचार विभाग ने 21 सितंबर को नई एडवायजरी जारी करके कहा है कि फर्जी ID से सिम खरीदने या बेचने पर या मोबाइल के IMEI नंबर से छेड़छाड़ करने पर 3 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

सरकार ने सलाह दी है कि सभी नागरिक संचार साथी पोर्टल या एप पर जाकर तुरंत चेक करें कि उनकी आईडी पर बिना जानकारी के कोई अनजान मोबाइल नंबर तो एक्टिव नहीं है। दूरसंचार विभाग ने यह कदम छत्तीसगढ़ में हुए एक बड़े साइबर फ्रॉड के बाद उठाया है। वहां एक सिम बेचने वाले एजेंट ने लोगों के डॉक्युमेंट्स का गलत इस्तेमाल करके उनकी जानकारी के बिना 25 फर्जी सिम चालू कर रखे थे।


# अस्थायी कैजुअल रेलवे कर्मियों के परिजनों को नहीं मिलेगी पेंशन

## राजस्थान हाईकोर्ट की फुल बेंच ने साल पुराने विवाद का निपटारा किया

**जूम न्यूज • जोधपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट की तीन सदस्यीय फुल बेंच ने रेलवे के कैजुअल कर्मचारियों की पेंशन से जुड़े पुराने कानूनी विवाद को खत्म कर दिया है। कोर्ट ने कहा- अगर अस्थायी दर्जा प्राप्त कैजुअल कर्मचारियों की नियमित या अस्थायी पद पर नियुक्ति से पहले मौत हो जाती है तो उनके परिजन या विधवाएं पेंशन का लाभ पाने के हकदार नहीं होंगे।

मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण की फुल बेंच ने अल्मा और अन्य की याचिकाओं को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं



के पति उत्तर रेलवे के जोधपुर मंडल में कैजुअल गैंगमैन और सब्स्टीट्यूट खलासी जैसे पदों पर काम करते थे। उनकी नौकरी के दौरान ही मौत हो गई थी। रेलवे ने जब पेंशन देने से मना कर दिया तो परिजनों ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का दरवाजा खटखटाया। वहां से राहत न मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। साल 2003 में एक पुराने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए इस मामले को फुल बेंच के पास भेजा गया था।

हाईकोर्ट ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने चंदा देवी मामले (2008) में इस बारे में स्थिति पहले ही साफ कर दी थी। इंडियन रेलवे एस्टेब्लिशमेंट मैनुअल के पैरा 1501 के मुताबिक, 'अस्थाई रेलवे कर्मचारी' की परिभाषा में कैजुअल लेबर (भले ही उन्हें अस्थाई दर्जा मिला हो) शामिल नहीं हैं। केंद्र सरकार की तरफ से सीनियर पैनल काउंसिल प्रकाश चौधरी ने अपना पक्ष रखा। हाईकोर्ट की फुल बेंच ने माना कि याचिकाकर्ताओं के पति किसी अस्थाई पद पर नियुक्त होने से पहले ही गुजर गए थे। इसलिए, वे रेलवे मैनुअल के तहत पेंशन के हकदार नहीं थे। इसी आधार पर कोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज कर दीं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ महापौर चुनावः बागी राजबाला हिंगड़ को 29 और कांग्रेस की सुमित्रा जैन को मिले 3 मत

# पालीः भाजपा की नमिता बुबकिया महापौर बनी, 65 में से 33 वोट

**जूम न्यूज • पाली**

नगर निगम आम चुनाव 2026 के तहत सोमवार को महापौर पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा एवं पुख्ता शांति व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाई गई। मतगणना के बाद नमिता बुबकिया को महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए सोमवार को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान करवाया गया। मतदान के बाद मतों की गणना की गई, जिसमें नमिता बुबकिया को 33 मत, राजबाला हिंगड़ को 29 मत तथा सुमित्रा जैन को 3 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नमिता बुबकिया ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर महापौर पद पर जीत दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निगम कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों ने आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया।



**उपमहापौर चुनाव की तैयारियां तेजः** अब उपमहापौर पद के निर्वाचन को लेकर भी निर्वाचन विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि सोमवार तक उपमहापौर पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें मेहबूब एवं रशीदा बानो को दो-दो तथा कान्तिलाल एवं जोगेन्द्र सिंह को एक-एक नाम निर्देशन पत्र वितरित किया गया है।

उपमहापौर पद के लिए नाम निर्देशन, संवीक्षा, नाम वापसी एवं मतदान सहित निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी, गजेन्द्र दवे, तुलसीराम चौहान, ताराचंद सेजू, युजवेन्द्र खेमलानी, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## पाली सहित 8 निकायों में अध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम घोषित, बाली में निर्विरोध निर्वाचन

### पाली में उप महापौर सहित 9 नगर निकायों में उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव कल सभी तैयारियां पूर्ण

**जूम न्यूज • पाली**

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन के परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन परिणामों के अनुसार पाली नगर निगम में *नमिता बुबकिया* 33 मत प्राप्त कर महापौर निर्वाचित हुईं। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजबाला हिंगड़ को 29 मत मिले। इस प्रकार नमिता बुबकिया ने 4 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। इसी प्रकार रानी खुर्द नगरपालिका में बाबूलाल (लॉटरी) ने 10 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद हासिल किया। मारवाड़ जंक्शन में देवाराम को 13 मत प्राप्त हुए और उन्होंने 2 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। खुडाला फालना में उमा कंवर को 17 मत मिले और उन्होंने 9 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। तखतगढ़ में जयश्री को 14 मत प्राप्त हुए तथा उन्होंने 3 मतों के अंतर से चुनाव जीता।

सोजत रोड में भावना ढंजा को 18 मत प्राप्त हुए और उन्होंने 11 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। सोजत सिटी में कीर्ति को 25 मत प्राप्त हुए तथा वे 16 मतों के अंतर से विजयी हुईं। बाली नगरपालिका में देवी बाई निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं सादड़ी नगरपालिका में संजय कुमार बोहरा को 26 मत प्राप्त हुए और उन्होंने 17 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। सुमेरपुर नगरपालिका में चतुरभुज शर्मा को 25 मत प्राप्त हुए तथा उन्होंने 15 मतों के अंतर से अध्यक्ष पद का चुनाव जीता।

#### उपाध्यक्षीय पदों के लिए

**निर्वाचन की तिथिः** 22.09.2026 (मंगलवार)

**निर्वाचन प्रक्रिया हेतु समय-सारणी**

**बैठक का प्रारम्भ** — प्रातः 10.00 बजे

**नामांकन पत्रों का प्रस्तुतीकरण** — प्रातः 11.00 बजे तक

**नामांकन पत्रों की संवीक्षा** — प्रातः 11.30 बजे से

**अभ्यर्थिता वापसी** — अपराह्न 2.00 बजे तक

**मतदान, यदि आवश्यक हुआ तो** — अपराह्न 2.30 बजे से 5.00 बजे तक

**मतगणना** — मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात

जिला निर्वाचन एवम् पुलिस प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर दिया गया है। शांति पूर्ण निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव के लिए सभी सम्बन्धित ईआरओं को निर्देशित किया गया है।

## छोटीसादड़ी में भाजपा का बोर्ड, प्रदीप व्यास एक वोट से बने नगर पालिका अध्यक्ष

- **प्रदीप व्यास को 13 और कांग्रेस के हरीश सोनी को मिले 12 वोट**



**जूम न्यूज • छोटीसादड़ी**

नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। भाजपा के प्रदीप व्यास ने कांग्रेस के हरीश सोनी को एक वोट से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। प्रदीप व्यास को 13 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी हरीश सोनी के खाते में 12 वोट आए। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया।

नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद सुबह करीब 9:30 बजे नगर पालिका परिषद पहुंचे। मतदान प्रक्रिया से पहले रिटर्निंग अधिकारी यतिंद्र पोरवाल ने नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए मतदान शुरू हुआ। सबसे पहले भाजपा के पार्षदों ने मतदान किया, जिसके बाद कांग्रेस के पार्षदों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने परिणाम घोषित किया। भाजपा के प्रदीप व्यास को 13 और कांग्रेस के हरीश सोनी को 12 मत प्राप्त हुए। इस तरह प्रदीप व्यास ने एक मत के अंतर से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की और छोटीसादड़ी नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बन गया।

परिणाम घोषित होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप व्यास को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद प्रदीप व्यास नगर पालिका परिसर से बाहर आए, जहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में नारे लगाए और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। छोटीसादड़ी नगर पालिका में 13 पार्षदों के साथ भाजपा ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया है। वहीं, कांग्रेस के 12 पार्षदों के कारण मुकाबला बेहद करीबी रहा।

## ब्यावर जिले में भाजपा का दबदबा, चार निकायों में चेयरमैन पद पर जीत

- **ब्यावर में पुष्पा बल्दुआ, जैतारण में भैणाराम गहलोत, मसूदा में टीकमचंद माली और बिजयनगर में ममता मोदी विजयी; रायपुर में मदनलाल निर्विरोध चुने गए**

**जूम न्यूज • ब्यावर**

जिले की नगर निकायों में चेयरमैन पद के लिए सोमवार को हुए निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी का दबदबा देखने को मिला। ब्यावर नगर परिषद सहित जैतारण, मसूदा और बिजयनगर नगरपालिकाओं में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, जबकि रायपुर नगरपालिका में भाजपा प्रत्याशी मदनलाल निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जीत का जश्न मनाया।

- **ब्यावर में पुष्पा बल्दुआ को 35 मतः** नगर परिषद ब्यावर के चेयरमैन पद पर भाजपा की पुष्पा बल्दुआ निर्वाचित हुईं। उन्हें 35 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश गहलोत को 25 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।
- **जैतारण में भैणाराम गहलोत की जीतः** जैतारण नगरपालिका के चेयरमैन पद पर भाजपा के भैणाराम गहलोत ने जीत दर्ज की। उन्हें 20 मत मिले। कांग्रेस प्रत्याशी रामकन्या भाटी को 4 मत मिले, जबकि एक मत निरस्त हुआ। परिणाम के बाद भाजपा समर्थकों ने जीत की खुशी में एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया।
- **रायपुर में मदनलाल निर्विरोधः** रायपुर नगरपालिका में चेयरमैन पद पर भाजपा के मदनलाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी चेनाराम द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद मदनलाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हुआ।
- **मसूदा में टीकमचंद माली विजयीः** मसूदा नगरपालिका में भाजपा के टीकमचंद माली ने चेयरमैन पद पर जीत दर्ज की। उन्हें 13 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह राठौड़ को 7 मत प्राप्त हुए।
- **बिजयनगर में ममता मोदी ने मारी बाजीः** बिजयनगर नगरपालिका में भाजपा की ममता मोदी चेयरमैन निर्वाचित हुईं। उन्हें 24 मत मिले। कांग्रेस प्रत्याशी नीतिका भाटी को 15 मत, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी हेमलता मेहता को 1 मत मिला।

**परिणाम के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साहः** विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने नारेबाजी कर खुशी जताई और जीत का जश्न मनाया।

# फलोदी नगर परिषदः मेघराज कल्ला बने सभापति


### भाजपा के कल्ला को 26, कांग्रेस की कांता को 13 व निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सभापति पन्नालाल पहलवान को मिला 1 मत

**जूम न्यूज • फलौदी**

नगर परिषद फलोदी क्षेत्र के सभी 40 वार्डो के चुनाव सम्पन्न होने के बाद आज सभापति के चुनाव को लेकर त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के मेघराज कल्ला को पार्टी के सभी 26 पार्षदों का समर्थन मिलने से सभापति पद पर निर्वाचित हो गए।

सभापति पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबले में कांग्रेस की श्रीमती कांता व्यास को 13 मत मिले तो निर्दलीय प्रत्याशी पन्नालाल पहलवान को 1 मत वही भाजपा के मेघराज कल्ला को 20 पार्षदों सहित 6 निर्दलीयों का समर्थन मिलने से कुल 26 मतों के साथ मेघराज कल्ला फलोदी नगर परिषद क्षेत्र के सभापति पद पर आसीन हो गए। सभापति बनने के बाद युवा मेघराज कल्ला ने नगर परिषद मतदान केंद्र से बाहर आते ही मीडिया को बताया कि यह जीत शहर वासियों की है जिन्होंने बीजेपी के सभी 20 और 6 निर्दलीय समर्थक पार्षदों को विजयश्री दिलाई साथ ही साथ उन्होंने मीडिया से कहा कि अब शहर के किसी भी नागरिक को अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर कही भटकने की जरूरत नहीं अपने कार्य को लेकर सीधे नगर परिषद पहुंचे जहां उनका बेझिझक कोई भी कार्य होगा रुकेगा नहीं। भाजपा के मेघराज कल्ला के सभापति बनने पर फलोदी शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से लगातार बधाई देने वाले युवाओं का तांता लगा रहा इस दौरान तकरीबन डेढ़ सौ से 200 युवा लाल टीशर्ट पहनकर नगर परिषद के बाहर जयकारा लगाते देखे गए सभी लोगों का मानना है कि हमारे नए सभापति कल्ला स्थानीय सिद्धपीठ मां लटियाल के पुत्र है। ऐसे में फलोदी की जन समस्याओं को अब कहीं न कहीं एक राहत मिलेगी।





**बाड़मेर नगर परिषद**

## भाजपा के गौतमचंद जैन को 35 वोट, कांग्रेस से 15 ज्यादा



**जूम न्यूज • बाड़मेर**

बाड़मेर नगर परिषद सभापति चुनाव में बीजेपी के गौतम चंद जैन ने कांग्रेस के जयमल सिंह को 15 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। नगर परिषद मे सभापति पद के लिए हुए मतदान के बाद मतगणना में गौतम चंद जैन को 35 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जयमल सिंह के पक्ष में 20 वोट पड़े। परिणाम सामने आते ही बीजेपी खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित सभापति को बधाई दी।

सभापति चुनाव में बीजेपी के गौतमचंद जैन और कांग्रेस के जयमल सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतों की गिनती की गई। इसमें गौतमचंद जैन को 35 और जयमल सिंह को 20 वोट मिले। इस तरह गौतम चंद जैन ने 15 वोट के अंतर से जीत हासिल की। चुनाव परिणाम के साथ ही बाड़मेर नगर परिषद में बीजेपी का बोर्ड बन गया।

बाड़मेर नगर परिषद में बीजेपी के 29 पार्षद निर्वाचित हुए थे। इसके अलावा पांच निर्दलीय पार्षदों का समर्थन भी बीजेपी के साथ बताया गया था। सभापति चुनाव में गौतमचंद जैन को कुल 35 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के 21 पार्षद होने के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जयमल सिंह को 20 वोट ही मिले। भाजपाई नेता गौतमचंद जैन के सभापति निर्वाचित होने की घोषणा के बाद बीजेपी पदाधिकारियों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। समर्थकों ने खुशी जताई और चुनाव परिणाम को पार्टी की जीत बताया। नगर परिषद में अब बीजेपी का बोर्ड बनने के बाद शहर में विकास कार्यों को लेकर भी नई उम्मीदें जताई जा रही हैं।

**जालोर नगर परिषद**

## कांग्रेस के बंशीलाल सभापति, जयसिंह को 6 वोटों से हराया



**जूम न्यूज • जालोरड़**

जालोर नगर परिषद के सभापति पद पर कांग्रेस के बंशीलाल माली 6 वोट से जीते हैं। उन्हें 23 वोट मिले हैं। वहीं बीजेपी के जय सिंह को 17 वोट मिले हैं। जीत के बाद बंशीलाल माली ने कहा कि शहर की सफाई, सीवरेज में सुधार करना और सुंदेलाव तालाब की साफ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इससे पहले 40 वार्डों से निर्वाचित पार्षद नगर परिषद सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान किया।

**सायला नगर पालिका में मोहनलाल बने अध्यक्षः** सायला नगर पालिका में भाजपा के मोहनलाल नगर पालिका अध्यक्ष बने हैं। उन्हें 19 वोट मिले है। वहीं कांग्रेस के भोलाराम को 6 वोट मिले। दोपहर 12:30 बजे भाजपा की जीत की घोषणा कर दी गई।

### जिले की 4 पालिकाओं में भाजपा का बोर्ड

जिले में नगर निकाय अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा ने चार नगरपालिकाओं में जीत हासिल कर बोर्ड बनाया है। वहीं, जिला मुख्यालय की जालोर नगर परिषद में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी बंशीलाल माली ने भाजपा प्रत्याशी जयसिंह को 6 वोट से हराकर सभापति पद पर कब्जा किया। भीनमाल नगरपालिका में सभी 40 पार्षदों ने मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी मनोज गुप्ता ने 24 वोट हासिल कर 8 मतों से जीत दर्ज की। उनके सामने मैदान में उतरे प्रेमराज बोहरा को 16 वोट मिले। सांचौर नगरपालिका में 35 पार्षदों ने मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम दवे ने 23 वोट प्राप्त कर कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश सारण को 11 मतों से हराया। सारण को 12 वोट मिले।

**जैसलमेर**

## भाजपा के डांगरा चेयरमैनः 45 में से 27 मत पक्ष में पड़े



**जूम न्यूज • जैसलमेर**

जैसलमेर नगर परिषद सभापति चुनाव में BJP के विजय डांगरा ने जीत हासिल की है। उनको 45 में से 27 वोट मिले वहीं कांग्रेस के निर्मल रैयानी को 18 वोट मिले। हालांकि, कांग्रेस 16 और BJP के 25 पार्षद जीतकर आए थे, मगर 4 निर्दलीयों में से 2 ने BJP और 2 ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। BJP ने 27 मतों के साथ सभापति का पद अपने कब्जे में कर लिया। जबकि, पोकरण में कांग्रेस का बोर्ड बना है। कांग्रेस की प्रत्याशी कल्पना विजयी घोषित की गईं हैं।

जैसलमेर नगरपरिषद चुनाव में सभापति पद बीजेपी के विजय डांगरा और कांग्रेस के निर्मल पुरोहित में आमने सामने मुकाबला था। गौरतलब है कि कांग्रेस के निर्मल पुरोहित चुनाव हार गए थे मगर कांग्रेस ने हाइब्रिड नियम के तहत उनको सभापति का टिकट देकर चुनाव लड़वाया था। बीजेपी और कांग्रेस के सभी पार्षद बाड़ेबंदी से बाहर आकर जैसलमेर थे।

### पोकरण नगर पालिकाः कल्पना बनीं अध्यक्ष

नगर पालिका पोकरण के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को हुए निर्वाचन में इण्डियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी कल्पना विजयी घोषित की गईं। मतगणना में कल्पना को 14 मत, जबकि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी विमला को 11 मत प्राप्त हुए। रिटर्निंग अधिकारी और उपखण्ड अधिकारी पोकरण हीर सिंह चारण ने बताया कि अध्यक्ष पद के निर्वाचन में नगर पालिका के सभी 25 वार्ड पार्षदों ने मतदान किया। मतगणना में सभी 25 मत वैध पाए गए। रिटर्निंग अधिकारी हीर सिंह चारण ने कल्पना को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

# सिरोही नगर परिषद में कांग्रेस का बोर्डः ऋतु जैन को 35 में से 30 वोट मिले

- **भाजपा के 5 पार्षदों ने की क्रॉस वोटिंग**

**जूम न्यूज • सिरोही**

सिरोही नगर परिषद सभापति चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ऋतु जैन ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए 30 वोट हासिल किए, जबकि भाजपा प्रत्याशी पूजा माली को सिर्फ 5 मत मिले। कुल 35 पार्षदों ने मतदान किया। परिणाम के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी का माहौल बन गया। चुनाव में भाजपा के 5 पार्षदों की क्रॉस वोटिंग सामने आई, वहीं दो निर्दलीय पार्षदों ने भी ऋतु जैन के पक्ष में मतदान किया। नवनिर्वाचित सभापति ऋतु जैन ने अपनी जीत का श्रेय सिरोही की जनता के साथ पूर्व विधायक संयम लोढ़ा को दिया। उन्होंने कहा कि सिरोही की जनता ने उन पर विश्वास जताया है। सभी पार्षद मिलकर सिरोही के विकास के लिए काम करेंगे और यही उनकी प्राथमिकता रहेगी।



सभापति चुनाव के परिणाम में भाजपा के 5 पार्षदों की क्रॉस वोटिंग सामने आई। इसके अलावा दो निर्दलीय पार्षदों ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। इन वोटों के चलते ऋतु जैन को कुल 30 मत मिले और उन्होंने सभापति पद पर जीत दर्ज की। सभापति चुनाव की प्रक्रिया राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के नवीन भवन में सुबह 10 बजे शुरू हुई। कांग्रेस के सभी पार्षद करीब 10 बजे विशेष वाहन से स्कूल परिसर स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। इसके बाद पार्षदों ने बारी-बारी से सभापति पद के लिए मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी पूजा माली करीब 11:30 बजे मतदान केंद्र पहुंचीं। प्रवेश से पहले उन्होंने अपना आधार कार्ड दिखाया। वहीं, दो पार्षदों के पास आधार कार्ड नहीं था। उनके मोबाइल में मौजूद आधार कार्ड देखने के बाद उन्हें मतदान केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### पूर्व विधायक संयम लोढ़ा भी रहे मौजूद

चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्व विधायक संयम लोढ़ा भी कांग्रेस पार्षदों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने निर्वाचित पार्षदों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## शिवगंजः भाजपा के कुंदनमल बने अध्यक्ष

**सिरोही**। शिवगंज नगरपालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा के कुंदनमल अग्रवाल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने बेहद करीबी मुकाबले में कांग्रेस को हराया। भाजपा को 18 और कांग्रेस को 17 वोट मिले। भाजपा ने सिर्फ 1 वोट के अंतर से कांग्रेस के सुरेश कुमार को हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया।



शिवगंज पार्षद चुनाव में भाजपा के 18, कांग्रेस के 16 और 3 निर्दलीय पार्षद जीते थे। एक निर्दलीय पार्षद के समर्थन से भाजपा के पास कुल 19 वोटों का आंकड़ा था। शिवगंज के कुल 35 वार्ड में से भाजपा ने 18 वार्ड जीते, जबकि कांग्रेस को 14 वार्ड मिले। तीन वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे। शिवगंज के वार्ड 5 में भाजपा की उम्मीदवार उषा देवी ने कांग्रेस की गीता को सबसे कम 3 वोटों से हराया था। वहीं, वार्ड 26 में कांग्रेसी नेता हबीब शेख ने भाजपा के कैलाश को 262 वोटों से हराया था। हालांकि, अध्यक्ष पद के मतदान में भाजपा को सिर्फ 18 वोट मिले। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहा है कि आखिर एक वोट कहां गया। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि भाजपा के खेमे में ही क्रॉस वोटिंग हुई होगी। हालांकि, भाजपा पार्षद की क्रॉस वोटिंग की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

### भाजपा के प्रागाराम कोली मंडार पालिकाध्यक्ष

**रेवदर**। मंडार नगरपालिका के अध्यक्ष पद चुनाव में भाजपा के प्रागाराम कोली ने जीत हासिल की। उनको कुल 20 में से 13 पार्षदों के वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मफत लाल बुनकर को 7 वोट मिले। पहली बार मंडार में हुए नगरपालिका चुनावों में 20 वार्डों में से भाजपा के 7, कांग्रेस के 6 और निर्दलीय 7 पार्षदों ने जीत हासिल की थी। भाजपा को 6 वोट ज़्यादा मिले। हारने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को एक वोट ज़्यादा मिला। अध्यक्ष बनाने के लिए 11 पार्षदों के बहुमत की आवश्यकता थी।

# चूरू नगर परिषद पर 34 पार्षदों के बहुमत के साथ भाजपा का कब्जा, विनय गोयनका बने सभापति

जूम न्यूज • चूरू

नगर परिषद चूरू के सभापति पद के लिए सोमवार को हुए चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी विनय गोयनका को 34 और कांग्रेस प्रत्याशी संजय भाटी को 26 मत मिले। परिणाम के साथ ही विनय गोयनका नगर परिषद के सभापति निर्वाचित हुए और भाजपा का बोर्ड गठित हो गया। निर्वाचन अधिकारी श्वेता कोचर ने विनय गोयनका को सभापति पद की शपथ दिलाई और निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। जीत के बाद भाजपा समर्थकों ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर खुशी जताई। सभापति बनने के बाद विनय गोयनका ने शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बारिश के बाद जमा होने वाले गंदे पानी की निकासी, शहर को स्वच्छ रखने और आमजन की समस्याओं के समाधान पर काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बिना भेदभाव शहर का विकास कराने की बात भी कही। सभापति चुनाव में भाजपा की ओर से विनय कुमार गोयनका और कांग्रेस की ओर से संजय भाटी प्रत्याशी थे।



## बीकानेर: मेयर चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में 50 पार्षद: 51 का दावा, 30 ही साथ आए, अनिल कल्ला बने महापौर

**बीकानेर।** सोमवार को मेयर के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल कल्ला ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत को करारी शिकस्त दी। कांग्रेस को 50, जबकि भाजपा को 30 पार्षदों का समर्थन मिला। नगर निगम चुनाव में भाजपा के सिंबल पर 27, कांग्रेस के सिंबल पर 42, रालोपा का एक और 10 निर्दलीय पार्षद जीते थे।



भाजपा ने मेयर चुनाव में जीत के लिए जोड़तोड़ समेत हर संभव तरीका आजमाया, लेकिन कल्ला परिवार का राजनीतिक अनुभव भारी पड़ा। भाजपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत समेत उनके खेमे के तमाम नेता नामांकन के दिन से ही पार्षदों से अंतरात्मा की आवाज सुनकर वोट करने की अपील कर रहे थे। इस अपील से कांग्रेस खेमे में बेचैनी जरूर थी, लेकिन अंत में पार्षदों का बहुमत कांग्रेस के साथ गया। चुनाव के पहले तक भाजपा 51 से अधिक वोट का दावा कर रही थी। इसके लिए निर्दलीयों के समर्थन के अलावा कांग्रेस खेमे से क्रॉस वोटिंग का दावा था। ये आंकड़े हवाई साबित हुए और पूरी कांग्रेस एकजुट रही। हालांकि जानकारों का कहना है कि दोनों खेमों से क्रॉस वोटिंग हुई। दोनों दलों के रणनीतिकार देर रात तक क्रॉस वोटिंग करने वाले पार्षदों की पहचान करने की कोशिश करते रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला स्तरीय गणित-विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव आयोजित



जूम न्यूज • चूरू

स्थानीय श्रीमती मोहनी देवी गौरीदत्त सिंगी सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में जिला स्तरीय गणित-विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में आदर्श शिक्षण संस्थान के सचिव त्रिविक्रम जी अपूर्वा, सह सचिव मनीष बेदी और जिला संस्कार केंद्र प्रमुख ओमप्रकाश मील सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गणित-विज्ञान मेले की प्रश्न मंच, प्रदर्श, प्रयोग और पत्र वाचन प्रतियोगिताओं में जिलेभर से करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्कृति महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 100 प्रतिभागी शामिल हुए। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिला व्यवस्थापक सुरेश सैनी, सत्यनारायण एवं मंगलचंद सैनी ने प्रदर्शों का अवलोकन किया। विनय सोनी, मनीष मील, कपिल वर्मा, गोपाल शर्मा, निरंजन वर्मा, नरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश मील और सुनील महर्षि सहित अन्य ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संस्था प्रधान सरिता शर्मा ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

### आदर्श विद्या मंदिर में बालिका विद्यालय भवन का शिलान्यास



जूम न्यूज • चूरू

स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर, रतनगढ़ रोड में भामाशाह बनवारी लाल सोती चैरिटेबल ट्रस्ट, चूरू-कोलकाता की ओर से उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सत्यभामा सोती की स्मृति में उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। भवन का निर्माण बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योगपति सी.डी. गोयल, शंकर लाल सोती, फतेहचंद सोती, शंभूदयाल शर्मा, विद्या भारती जयपुर प्रांत के मंत्री ब्रजमोहन वर्मा, आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष मदन लाल प्रजापत, जिला व्यवस्थापक सुरेश कुमार सैनी, स्थानीय समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा सहित समिति सदस्य और विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं परिचय संकुल प्रमुख किशन लाल सैनी ने दिया। समापन के बाद उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय परिवार ने बालिका शिक्षा को मजबूत करने की इस पहल के लिए बनवारी लाल सोती एवं चैरिटेबल ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया।

### दिव्यांग व निर्धन सामूहिक विवाह से लौटने पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

जूम न्यूज • पाली

वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान पाली के अध्यक्ष लखपतराज सिंघवी के सान्निध्य एवं नारायण सेवा संस्थान पाली के जिलाध्यक्ष कान्ति लाल मुथा के नेतृत्व में ग्यारह सदस्यीय वरिष्ठ नागरिक दल ने नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के बीड़ स्थित सेवा धाम में 50 दिव्यांग व निर्धन जोड़ों के सामूहिक विवाह में सार्थक भूमिका का निर्वाह कर लौटने पर स्वागत किया।

# चाकसू: श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर में 3000 लीटर पंचामृत से 81 जोड़ों ने किया चतुर्थ महा सहस्रघट अभिषेक, गूंजे जयकारे

जूम न्यूज • चाकसू

जयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी चाकसू एक बार फिर शिवमय हो गई। कस्बे के सबसे प्राचीन, चमत्कारी और आस्था के केंद्र श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को चतुर्थ विशाल पंचामृत महा सहस्रघट अभिषेक का भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा से आयोजित इस अनुष्ठान में 3000 लीटर पंचामृत से 81 सुहागिन जोड़ों द्वारा एक साथ सहस्रघट अभिषेक किया गया। जैसे ही 81 घटों से एक साथ पंचामृत की धारा शिवलिंग पर गिरी, पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। वैदिक आचार्यों द्वारा सुबह ठीक 8:15 बजे मंडल पूजन विधान के साथ इस महा अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। मंडल पूजन के बाद मुख्य सहस्रघट अभिषेक शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। इसके बाद विधि-विधान से हवन पूजन किया गया। शाम को महा आरती और भगवान श्री चम्पेश्वर महादेव का भव्य, आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंत में सभी भक्तों के लिए प्रसादी का आयोजन किया गया।





### चम्पेश्वर धाम की महिमा

स्थानीय लोगों के अनुसार चाकसू का श्री चम्पेश्वर महादेव मंदिर बहुत ही प्राचीन और सिद्ध पीठ है। यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इसी आस्था के चलते हर साल यहां होने वाले सहस्रघट अभिषेक में शामिल होने के लिए न केवल चाकसू बल्कि जयपुर, टोंक, दौसा और आसपास के सैकड़ों गांवों से श्रद्धालु आते हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संयोजक श्याम सोनी सुनालिया और सह-संयोजक एडवोकेट विक्रम गौरा ने बताया कि बाबा की कृपा और सभी भक्तों के सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ। उन्होंने बताया कि सभी 81 जोड़ों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान मंदिर संरक्षक रामकिशोर बैरड़िया, अध्यक्ष रामकिशोर बैरड़िया, सचिव दिनेश शर्मा कोषाध्यक्ष मीतालाल शर्मा, व्यवस्थापक गजानंद शर्मा, धर्मराज शर्मा और महिला मंडल प्रमुख निधि जैन सहित मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह से शाम तक व्यवस्थाओं में जुटे रहे। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और भजनों का दौर चलता रहा, जिससे पूरे चाकसू कस्बे में भक्तिमय माहौल बना रहा।

# खेजड़ली में पर्यावरण मेला: बिश्नोई टाइगर फोर्स ने रक्तदान शिविर लगाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि





जूम न्यूज • जोधपुर

खेजड़ली राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष मलखान सिंह बिश्नोई ने बताया है कि 21 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से रुड़कली महन्त श्री शिवदास व खेजड़ली महन्त सहित संतों के सानिध्य में गुरु जम्भेश्वर शब्दवाणी व वैदिक मंत्रोच्चार से हवन एवं पाहल किया गया। घी खोपरा व हवन सामग्री से मेले में पुरे दिन हजारों लोगों ने आहुतियां देकर अपने प्रकृति रक्षार्थ 363 अमर बलिदानियों को याद किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। करीब 9 बजे समाज के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदी स्थल पर भगवा ध्वज से ध्वजारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत की गई। इसके बाद पर्यावरण सभा एवं पर्यावरण अधिवेशन का आयोजन हुआ। जहां पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के साथ सामाजिक व शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय लोगों को सम्मानित भी किया गया। संतों महात्माओं जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और बच्चों ने मेले में सहभागिता की ।

बिश्नोई टाईगर्स वन्य एवं पर्यावरण संस्थान बिश्नोई टाईगर फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद ने बताया कि बिश्नोई टाईगर फोर्स संस्था द्वारा हरे वृक्ष रक्षार्थ 363 अमर शहीदों की याद में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 511 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। इस संबंध में बिश्नोई टाईगर फोर्स संस्थान के पदाधिकारियों की ओनलाइन बैठक हुई जिसमें रक्तदान शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद, उपाध्यक्ष रामनिवास धोरू, महासचिव बलवीर सिंह बाबल, प्रदेश सचिव लिखमाराम लोहमरोड़, प्रवक्ता सुरज प्रकाश सारण, रामनिवास बुद्धनगर, उपाध्यक्ष भजन हिंगोली, महासचिव भरत खेड़ी, ओमप्रकाश खोत, सचिव इंद्रजीत गीला, पूर्व सरपंच रामूराम कांवा, घेवरराम गोदारा, सागर बेनीवाल, महीपाल फौजी, विष्णु बेनीवाल, मास्टर बाबुलाल, पुखराज खेड़ी, दिनेश विश्नोई, परसराम कांवा, अनील बेरू, कालुराम सुरतगढ़, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 969 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद, आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण श्री पंकज यादव निर्देषन में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बोरून्दा टीम ने 969 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद करते हुए 01 आरोपी को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त की। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देषन में अवैध मादक पदार्थो का परिवहन व बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेष्वरलाल के सुपरविजन में व मनीष देव वृताधिकारी वृत बिलाडा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सुजानाराम निपु पुलिस थाना बोरून्दा द्वारा खास मुखबीरी ईतलानुसार कार्यवाही करते हुए सुभाष पुत्र जोराराम जाति विष्नोई निवासी कोसाणा पुलिस थाना पीपाडषहर की दुकान की तलाषी लेने पर कुल 969



ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिले जिसपर अवैध डोडा पोस्त को जब्त किया जाकर आरोपी के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया है। आरोपी से अवैध डोडा पोस्त खरीद फरोख्त के सम्बन्ध मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**गिरफ्तार मुल्जिमः-** सुभाष पुत्र जोराराम जाति विष्नोई निवासी कोसाणा पुलिस थाना पीपाड शहर

कार्यवाही मे भूमिका निभाने वाले सुजानाराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बोरून्दा, हैड कानि लखपतराम(विषेष भूमिका), कानिस्टेबल भागीरथ विष्नोई, हरसुख, जितेन्द्र की विषेष भुमिका रही।

## तेजा दशमी पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

जूम न्यूज • आनंदपुर कालू

कस्बे में सोमवार को लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की तेजा दशमी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। तेजाजी मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर तेजाजी महाराज के दर्शन किए तथा दूध, धूप व चूरमे का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व रविवार रात मंदिर परिसर में तेजा गायन का आयोजन हुआ जिसमें तेजाजी महाराज की लोकगाथाओं एवं भजनों का गायन सुखाराम सोमरवाल लूणाराम सियाराम मानाराम मुण्डेल जितेन्द्र करेसीया तेजाराम डिडेल सहित कलाकारो द्वारा तेजा गायन किया गया। देर रात तक चल रहे तेजा गायन में अमरजीत बढ़ियासर बाबु लाल पाडीवाल सुखदेव धोलिया पप्पुराम पचारिया सुशील भवाल उगमाराम मोनू सैन दुर्गाराम माली धर्माराम माली राकेश धोलिया सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्ति गीतों में शामिल रहे। सोमवार को पूजा-अर्चना के बाद आरती की गई।

## जयपुर जिला: 2 नगर परिषदों व 16 नगरपालिकाओं के अध्यक्ष पद के परिणाम घोषित, 12 में भाजपा, 6 में कांग्रेस का बोर्ड बना

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर जिले के नगर निकायों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन के परिणाम घोषित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) संदेश नायक ने बताया कि भाजपा के 12 तथा कांग्रेस के 6 अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। चौमूं नगर परिषद् से आशीष दुसाद (भाजपा), शाहपुरा नगर परिषद् से रविश खटाना (भाजपा), बगरू नगर पालिका से संतोष चौहान (भाजपा), बस्सी नगर पालिका से निर्मला खोलिया (भाजपा) तथा चाकसू नगर पालिका से पुष्पा (भाजपा) निर्वाचित हुई।

इसी प्रकार दूदू नगर पालिका से गरिमा कंवर (कांग्रेस), जमवारामगढ़ नगर पालिका से राकेश कुमार वर्मा (भाजपा), जोबनेर नगर पालिका से सरोज गुर्जर (भाजपा), कालाडेरा नगर पालिका से उर्मिला कुमावत (भाजपा) तथा कानोता नगर पालिका से राम किशन (कांग्रेस) निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि खेजरौली नगर पालिका से सुनीता सैनी (कांग्रेस), किशनगढ़-रेनवाल नगर पालिका से सुनीता अग्रवाल (भाजपा), मनोहरपुर नगर पालिका से अर्जुन मोहनपुरिया (कांग्रेस), नरायना नगर पालिका से अब्दूल रज्जाक (कांग्रेस), फागी नगर पालिका से सुरेश (कांग्रेस), फुलेरा नगर पालिका से राजू शर्मा (भाजपा), सांभर नगर पालिका से पवन कुमार मोदी (भाजपा) तथा वाटिका नगर पालिका से कमला देवी (भाजपा) निर्वाचित हुई हैं। इनमें चाकसू नगर पालिका से पुष्पा देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

# झुंझुनूं सहित 10 निकायों में कांग्रेस की जीत: भाजपा 8 पर जीती

### सूरजगढ़ में निर्दलीय बना अध्यक्ष

जूम न्यूज • झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले के नगरीय निकाय चुनाव में पार्षदों के नतीजों के बाद सोमवार को अध्यक्ष और सभापति चुनाव के साथ शहरों की सियासी तस्वीर साफ हो गई। जिले के 19 नगरीय निकायों में कांग्रेस ने 10 और भाजपा ने 8 निकायों में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि एक निकाय में निर्दलीय उम्मीदवार जीता। कई निकायों में किसी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होने से निर्दलीय पार्षद निर्णायक भूमिका में रहे। मलसीसर में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को 10-10 वोट मिलने के बाद पर्ची से फैसला हुआ और भाजपा के पवन कुमार अध्यक्ष बने।

**झुंझुनूं में अब्दुल्ला ने 10 वोट से जीतेः** झुंझुनूं नगर परिषद के सबसे चर्चित मुकाबले में कांग्रेस के अब्दुल्ला गुलाम नबी अगवान ने भाजपा के मनु धनखड़ को 35-25 के मुकाबले में शिकस्त दी। 60 सदस्यीय परिषद में अब्दुल्ला को 35 और मनु धनखड़ को 25 वोट मिले।

**मलसीसर में बराबरी के बाद पर्ची से फैसलाः** मलसीसर में कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रत्याशियों को 10-10 वोट मिले। बराबरी के बाद नियम के अनुसार पर्ची से फैसला किया गया। भाजपा के पवन कुमार के नाम की पर्ची निकलने पर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया।

**बिसाऊ में एक वोट ने बदला समीकरणः** बिसाऊ में कांग्रेस की सलमा ने भाजपा की सोनम देवी को महज एक वोट से हराया। चुनाव से पहले भाजपा के पास 13 और कांग्रेस के पास 12 पार्षद बताए जा रहे थे, लेकिन मतदान में समीकरण बदल गया और कांग्रेस प्रत्याशी विजयी रहीं।

**उदयपुरवाटी में भी एक वोट से जीतः** उदयपुरवाटी में भाजपा की अनुराधा को 18 और कांग्रेस प्रत्याशी को 17 वोट मिले। यहां भी अध्यक्ष पद का फैसला एक वोट के अंतर से हुआ।

**जाखल में भाजपा की 10 वोट से जीतः** जाखल में भाजपा के भगवान सिंह को 15 और कांग्रेस प्रत्याशी को 5 वोट मिले। भाजपा ने 10 वोट के अंतर से अध्यक्ष पद हासिल किया।

**मंडावा-सुलताना में कांग्रेस 9-9 वोट से जीतीः** मंडावा में कांग्रेस के सज्जन लाल मिश्रा को 17 और भाजपा को 8 वोट मिले। वहीं सुलताना में कांग्रेस की सोनिया को 17 और भाजपा को 8 वोट मिले। दोनों जगह कांग्रेस ने 9 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।

**चिड़ावा, नवलगढ़ और मंड्रेला में 7 वोट का अंतरः** चिड़ावा में कांग्रेस की सुमित्रा सैनी ने भाजपा को 26-19 से हराया। नवलगढ़ में कांग्रेस की माया देवी भी 26-19 से जीतीं। मंड्रेला में कांग्रेस की प्रवीण बानो ने भाजपा को 16-9 से हराया। तीनों निकायों में कांग्रेस की जीत का अंतर 7 वोट रहा।

**मुकुंदगढ़ में 5, सिंघाना में 3 वोट से कांग्रेस आगेः** मुकुंदगढ़ में कांग्रेस के सत्यनारायण सैरी ने भाजपा को 15-10 से हराया। सिंघाना में कांग्रेस की पिंकी को 19 और भाजपा को 16 वोट मिले। यहां कांग्रेस की जीत का अंतर तीन वोट रहा।

**डूंडलोड में भाजपा सिर्फ 2 वोट से जीतीः** डूंडलोड में भाजपा के सचिन सैनी को 11 और कांग्रेस को 9 वोट मिले। भाजपा ने दो वोट के अंतर से अध्यक्ष पद अपने नाम किया।

**खेतड़ी में भाजपा की गीता देवी निर्विरोधः** खेतड़ी नगर पालिका में भाजपा की गीता देवी निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं।

**सूरजगढ़ में निर्दलीय बने अध्यक्षः** सूरजगढ़ में कांग्रेस और भाजपा को पीछे छोड़ते हुए निर्दलीय नरेंद्र सिंह अध्यक्ष बने। इस तरह जिले के 19 निकायों में अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस 10, भाजपा 8 और निर्दलीय के खाते में एक सीट गई।

## सीकर में खतीजा बानो बनीं सभापति: भाजपा की कंचन को 17 वोट से हराया

### पति ने विधायक के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

जूम न्यूज • सीकर

सीकर नगर परिषद में सभापति के पद पर खतीजा बानो जीत गई हैं। खतीजा बानो को 41 वोट मिले और भाजपा की सभापति पद की प्रत्याशी कंचन खड़ोलिया को 24 वोट मिले। इसके साथ ही कांग्रेस की खतीजा ने भाजपा की कंचन को 17 वोटों से हरा दिया। खतीजा बानो पूर्व सभापति जीवण खां की पत्नी हैं।



सभापति पद की वोटिंग के बाद कांग्रेसी पार्षदों को उपसभापति के चुनाव के लिए दोबारा बाड़ाबंदी में भेज दिया है। कल 22 सितंबर को सभी पार्षद उपसभापति का वोट डालने आएंगे और इसके बाद सभी को घर भेजा जाएगा।

रिटर्निंग अधिकारी सुभाष चंद्र ने सभापति खतीजा बानो को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इसके बाद खतीजा बानो ने विधायक राजेंद्र पारीक, कांग्रेसी पार्षदों और परिवार के साथ विक्ट्री साइन बनाकर ग्रुप फोटो खिंचवाया।

# केरल के प्रवासी मजदूर: सिर्फ 'मेहमान' नहीं, सम्मान और अधिकार के हकदार



▪ प्रदीप बीदावत

केरल की स्थानीय आबादी की समृद्धि बढ़ने के साथ-साथ राज्य के विकास में प्रवासी मजदूरों का योगदान भी बढ़ता गया। लेकिन सरकारी व्यवस्था आज भी उन्हें केवल 'अतिथि श्रमिक' यानी 'मेहमान मजदूर' मानती है। यह नजरिया उनके श्रम अधिकारों को कमजोर करता है और उन्हें बाहरी होने का एहसास कराता है। अगर केरल को 'ईश्वर की अपनी धरती' कहलाने का गौरव बनाए रखना है, तो उसे उन लोगों को भी सम्मान देना होगा, जिन्होंने इसे बनाने और संवारने में अपना पसीना बहाया है।

केरल की सफलता के पीछे किनका श्रम है?

केरल की सड़कें, सार्वजनिक सुविधाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दुनिया भर में अपनी गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं। इन सुविधाओं की खासियत यह है कि वे समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचती हैं और लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाती हैं। राज्य ने अत्यधिक गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है। युवाओं की शत-प्रतिशत साक्षरता भी उसकी सफलता की एक बड़ी पहचान है। इन आर्थिक और सामाजिक उपलब्धियों के साथ केरल की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता जुड़ जाती है। यही वजह है कि उसे 'ईश्वर की अपनी धरती' कहा जाता है। इस सफलता में प्रवासी मजदूरों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन केरल के निर्माण में इतनी बड़ी भूमिका निभाने के बावजूद सरकारी नजर में उनकी पहचान केवल 'अतिथि श्रमिकों' की है। यह संबोधन उनके योगदान को छोटा करता है, उन्हें अपना मानने के बजाय बाहरी बनाकर रखता है और राज्य के घोषित मूल्यों से मेल नहीं खाता।

## विकास की बुनियाद में है मजदूरों का पलायन

केरल के मलयाली लोग बेहतर जीवन की तलाश में दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचे। राज्य के विकास मॉडल के पीछे उनका योगदान साफ दिखाई देता है। खाड़ी देशों में तेल उद्योग के विस्तार के बाद केरल से बड़ी संख्या में लोग वहां रोजगार के लिए गए। उनकी कमाई बढ़ी तो केरल में रह रहे परिवारों की आमदनी और बेहतर जीवन की आकांक्षाएं भी बढ़ीं। नए घरों, इमारतों और सुविधाओं के निर्माण के लिए अतिरिक्त कामगारों की जरूरत पैदा हुई। यह जरूरत देश के दूसरे हिस्सों, खासकर पूर्वी भारत से आए मजदूरों ने पूरी की। इन इलाकों में औद्योगिक विकास अपेक्षाकृत कम था, लेकिन काम की तलाश करने वाले लोगों की संख्या अधिक थी। इस तरह केरल एक महत्वपूर्ण उदाहरण बना: यहां के लोगों के बाहर जाने से दूसरे राज्यों के लोगों के लिए यहां रोजगार के अवसर बने। इस प्रक्रिया का लाभ दोनों पक्षों को मिला।

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, केरल में लगभग 35 लाख प्रवासी मजदूर हैं। हालांकि, वास्तविक संख्या इससे काफी अलग हो सकती है। ये मजदूर देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं और उनकी विविधता में भारत की विविधता दिखाई देती है। केरल आने वाले प्रवासी मजदूरों में लगभग 70 प्रतिशत असम और पश्चिम बंगाल से आते हैं। इन मजदूरों ने केरल के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पर गहरी छाप छोड़ी है। सड़कें और राजमार्ग बनाने हों, अस्पताल और स्कूल खड़े करने हों, होटल-रेस्तरां में काम करना हो, दुकानों पर सेवाएं देनी हों या साफ-सफाई का काम करना हो—प्रवासी मजदूर केरल की रोजमर्रा की जिंदगी का जरूरी हिस्सा बन चुके हैं। कृषि उपज के थोक बाजारों से मजदूरों को हटाए जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान केरल हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने टिप्पणी की थी: "मलयाली अपने अहंकार के कारण काम करने को तैयार नहीं हैं; हम प्रवासी मजदूरों के भरोसे चल रहे हैं।" हालांकि, स्थानीय लोगों की काम करने की इस कथित अनिच्छा के पीछे आर्थिक कारण भी हैं। जब विदेश में बेहतर कमाई और अवसर मिलते हैं, तो स्थानीय कामगार कम आय वाले कामों के बजाय बाहर जाना पसंद करते हैं।

## 'अतिथि श्रमिक': मेहनत दिखती है, पहचान नहीं

राज्य के विकास में बुनियादी भूमिका निभाने के बावजूद इन मजदूरों को आधिकारिक तौर पर 'अतिथि श्रमिक' कहा जाता है। 'अतिथि' शब्द यह संकेत देता है कि कोई व्यक्ति थोड़े समय के लिए आया है और फिर लौट जाएगा। लेकिन इनमें से कई मजदूर केरल में 18 से 20 साल से रह रहे हैं। वे स्थानीय समाज, संस्कृति और भाषा के साथ गहराई से जुड़ चुके हैं।

दूसरी ओर, विभिन्न सरकारी संस्थाओं का मानना रहा है कि 'अतिथि' संबोधन उनके योगदान को सम्मान देने और उनके प्रति सद्भाव जताने के लिए अपनाया गया है। सरकार ने केरल में रहने और काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण और उनकी संख्या दर्ज करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया।

आलोचकों का कहना है कि इस व्यवस्था से कुछ प्रवासी मजदूर डरकर दूर हो रहे हैं। वहीं, कुछ नियोक्ता अपने यहां काम करने वाले मजदूरों की वास्तविक संख्या छिपाने लगे हैं। पंजीकरण कराने के लिए राज्य सरकार ने पुलिस को भी लगाया है और मजदूरों को खोजकर उनका विवरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। सामान्य परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी श्रम विभाग की होती है। यह सरकारी नजरिया कई बार बराबरी के रिश्ते के बजाय ऊपर से मेहरबानी करने जैसा लगता है। इसमें संबंध कुछ ऐसा बन जाता है—आप यहां काम करने आए हैं, इसलिए आपकी उपयोगिता भर को स्वीकार किया जाएगा। इससे प्रवासी मजदूरों के स्थानीय समाज और संस्कृति में घुलने-मिलने के अधिकार तथा अपनेपन की भावना को चोट पहुंचती है। प्रवासन के विशेषज्ञ इसे ऐसी प्रक्रिया मानते हैं, जिसमें संस्थागत तौर पर किसी समुदाय को 'दूसरा' या 'बाहरी' बनाकर रखा जाता है।

ऐसी सोच अविश्वास, नापसंदगी और कभी-कभी खुली शत्रुता को भी जन्म देती है। हाल की घटनाएं इसकी मिसाल हैं। हालांकि, सरकारी रवैये के मुकाबले केरल के आम लोगों का व्यवहार अधिक संवेदनशील, न्यायपूर्ण और खुला दिखाई देता है। देश के कई अन्य हिस्सों की तुलना में यहां प्रवासी मजदूरों को अधिक स्वीकार किया जाता है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया के हालिया युद्धों, रसोई गैस के संकट और पश्चिम बंगाल तथा असम जैसे राज्यों में चुनावों के बावजूद बड़ी संख्या में मजदूर अपने पसंदीदा रोजगार स्थल केरल लौट आए।

## देश में ही 'मेहमान' क्यों?

'अतिथि श्रमिक' का सरकारी संबोधन भारत की एकल नागरिकता की संवैधानिक भावना से भी मेल नहीं खाता। भारतीय नागरिकों को देश में कहीं भी आने-जाने, रहने और रोजगार करने का अधिकार प्राप्त है। अब अनेक मजदूर अपने परिवारों को भी केरल ला रहे हैं। राज्य की अच्छी और अपेक्षाकृत सस्ती शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उन्हें आकर्षित करती हैं। जब कोई व्यक्ति यहां अपना घर-परिवार बसा रहा हो, बच्चों को पढ़ा रहा हो और भविष्य बना रहा हो, तब उसे 'मेहमान' कहना और भी असंगत लगता है।

प्रवासी मजदूरों की 'बाहरी' या 'अतिथि' वाली पहचान अक्सर कार्यस्थल पर उनकी असुरक्षा बढ़ा देती है। मेहनत की मजदूरी न मिलना, सामाजिक सुरक्षा से बाहर रह जाना और नौकरी समाप्त होने पर मिलने वाले देय लाभों से वंचित रहना उनके लिए आम समस्याएं हैं। स्थानीय मजदूर अक्सर जिन अधिकारों को अपना स्वाभाविक हक मानते हैं, प्रवासी मजदूर उन्हीं के लिए संघर्ष करते हैं। सीएमआईडी के अनुसार, अकेले कोच्चि और आसपास के क्षेत्रों में मजदूरी न दिए जाने की शिकायतों की रकम 7 करोड़ रुपये थी। इसमें से केवल 23 लाख रुपये ही वसूल किए जा सके। सबसे अधिक असुरक्षित स्थिति निर्माण क्षेत्र के मजदूरों की है। यहां काम अक्सर ठेकों और उपठेकों की कई परतों में बंटा होता है। किसी स्थानीय कंपनी का काम पूरा करने के लिए मजदूरों का एक समूह लगाया जाता है, जिसमें अधिकांश प्रवासी होते हैं। इस व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों और छोटे उपठेकेदारों पर कम लागत में परियोजना पूरी करने का दबाव होता है। कुछ कमाई बचाने की कोशिश में श्रम अधिकार और जरूरी सुविधाएं पीछे छूट जाती हैं।

स्थानीय मजदूर जिन अधिकारों को सामान्य मानते हैं—न्यूनतम मजदूरी, भविष्य निधि यानी पीएफ, कर्मचारी राज्य बीमा यानी ईएसआई, साप्ताहिक छुट्टी, बोनस और आठ घंटे का कार्यदिवस—वे इन 'अतिथि श्रमिकों' के लिए किसी दूसरी दुनिया की बातें बन जाते हैं। समय पर काम पूरा करने के दबाव में मजदूर लंबे समय तक और बिना साप्ताहिक अवकाश के काम करते हैं। इस विषय पर हुई एक जांच में ऐसी परिस्थितियों के बीच हृदय गति रुकने से मौत के मामले भी सामने आए। भूस्खलन की चपेट में आकर मजदूरों के बह जाने जैसी घटनाएं भी होती हैं। मौत के बाद उनकी पत्नियां और बच्चे मुआवजे के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भटकते रहते हैं। नियोक्ता कई बार मौत को 'प्राकृतिक मृत्यु' बताकर मुआवजा देने से इनकार कर देते हैं। ऐसी असुरक्षाओं के कारण प्रवासी मजदूर अक्सर अपनी मजदूरी रोज के रोज लेने पर जोर देते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाली संस्था वाइटल साइन्स पार्टनरशिप ने 2022 में 'द डेथ्स ऑफ माइग्रेंट वर्कर्स इन द गल्फ' नामक रिपोर्ट जारी की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के लगभग 10 हजार प्रवासी मजदूरों की हर साल खाड़ी देशों में अत्यधिक गर्मी से शरीर पर पड़ने वाले दबाव के कारण मौत हो जाती है। खाड़ी देशों के अधिकारी इन मौतों को अक्सर 'प्राकृतिक मृत्यु' के रूप में दर्ज करते हैं। विदेश में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों की इस स्थिति पर काफी आक्रोश सामने आया। लेकिन अपने ही देश के भीतर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों का वैसा ही हश्र होता है, तो उस पर वैसी चर्चा तक नहीं होती। अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम, 1977 के तहत पंजीकरण अधिकारी के रूप में कई वर्षों तक काम करते हुए मैंने पाया कि नियोक्ता अपने यहां कार्यरत दूसरे राज्यों के मजदूरों की संख्या जानबूझकर कम बताते हैं, ताकि उन्हें निर्धारित सुरक्षा राशि जमा न करनी पड़े। वे इन मजदूरों को 'प्रवासी' मानने के बजाय 'लंबे समय से यहां रह रहे निवासी' बताते हैं। इस आधार पर उन्हें घर से दूर काम करने के लिए मिलने वाला विस्थापन भत्ता और यात्रा भत्ता देने से भी बचते हैं। नतीजा यह होता है कि सरकारी रिकॉर्ड में मजदूरों की वास्तविक संख्या दर्ज ही नहीं हो पाती।यह दोहरा रवैया उनकी स्थिति को और उलझा देता है। भाषा की बाधा भी उन्हें श्रम अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाने से रोकती है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव यह है कि स्थानीय लोगों और प्रवासी मजदूरों के बीच बातचीत की साझा भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है।

## अधिकार दिलाने वाली संस्थाओं की कमी

प्रवासी मजदूर अक्सर ऐसे अनौपचारिक कामों में लगे होते हैं, जहां नियमित नौकरी, स्पष्ट सेवा शर्तें और पर्याप्त रिकॉर्ड नहीं होते। इसलिए वे राज्य के श्रम निरीक्षकों की नजर से भी बाहर रह जाते हैं। कर्मचारी मुआवजा न्यायाधिकरण और भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड जैसी संस्थाएं मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। लेकिन ये संस्थाएं भी अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभा पा रही हैं। निर्माण मजदूरों की घातक दुर्घटनाओं से जुड़े मुआवजे के मामलों को देखने वाले राज्य के न्यायाधिकरण में संबंधित पद या तो खाली रहते हैं या किसी दूसरे अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जाता है। इन मामलों में पीड़ित मजदूर अधिकतर प्रवासी होते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि मृत मजदूरों के शोकाकुल परिवारों को न्याय मिलने में देरी होती है या उनका मामला उपेक्षित रह जाता है।

कार्यस्थल पर मृत्यु होने पर नियोक्ता कई बार परिवार पर दबाव डालते हैं कि वे थोड़ी-सी रकम लेकर तुरंत समझौता कर लें। कभी उन्हें वहीं अंतिम संस्कार करने के लिए भी मनाया या दबाव में लिया जाता है, ताकि शव को मजदूर के गृह राज्य तक पहुंचाने का खर्च और व्यवस्था न करनी पड़े।इसी तरह, निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पास इन मजदूरों का रिकॉर्ड बहुत कम होता है या होता ही नहीं। ऐसे में यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि वे बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं या नहीं। केरल की ट्रेड यूनियनें ऐतिहासिक रूप से श्रमिक अधिकारों और सामूहिक सौदेबाजी की मजबूत आधार रही हैं। लेकिन प्रवासी मजदूरों को अपने संगठन में शामिल करने के मामले में उनकी गति धीमी रही है या उन्होंने हिचक दिखाई है। कई बार पूरे मजदूर समुदाय के हितों के बजाय स्थानीय कामगारों के हितों को प्राथमिकता दी जाती है। संस्थागत संरक्षण न मिलने पर ये मजदूर अपनी लड़ाई अकेले लड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

कभी-कभी मजदूरी और न्याय पाने का संघर्ष व्यक्तिगत टकराव या बदले की कार्रवाई में बदल जाता है। बकाया मजदूरी की भरपाई के लिए नियोक्ता की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना इसका एक उदाहरण है। यह जमीनी हकीकत उन मूल्यों के विपरीत है, जिनके आधार पर केरल को एक 'आदर्श राज्य' माना जाता है।



*हमारे यहां कहा जाता है—'अतिथि देवो भव', यानी अतिथि देवता के समान है। अगर केरल 'ईश्वर की अपनी धरती' है, तो उसे इस आदर्श को व्यवहार में भी उतारना होगा। केवल अच्छा मेजबान बनना पर्याप्त नहीं है। उसे जरूरत के समय साथ खड़ा होने वाला, संवेदनशील और मददगार समाज भी बनना होगा।*

## केरल उनका दूसरा घर है

केरल की आबादी और समाज की संरचना बदल रही है। जन्म दर कम है, युवा लगातार बाहर जा रहे हैं और विदेश में लंबे समय तक काम कर चुके अधिक उम्र के लोग वापस लौट रहे हैं। इन परिस्थितियों में आने वाले लंबे समय तक राज्य की निर्भरता प्रवासी मजदूरों पर बनी रहने की संभावना है। दूसरे राज्यों के मुकाबले अपेक्षाकृत अधिक न्यूनतम मजदूरी और अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सार्वजनिक सुविधाओं के कारण केरल आगे भी हजारों प्रवासी मजदूरों को आकर्षित करता रहेगा। सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण और समृद्ध वातावरण के कारण इनमें से कई लोग केरल को अपना 'दूसरा घर' मानते हैं। ऐसे में राज्य की समृद्धि बढ़ाने वाले इन लोगों को केवल 'मेहमान' मानते रहना स्वयं 'केरल मॉडल' के साथ न्याय नहीं करता। खासकर तब, जब यह मॉडल दुनिया के सामने रहने और काम करने की बेहतर व्यवस्था का उदाहरण बनने की आकांक्षा रखता है। शुरुआत इस सोच से हो सकती है कि ये लोग भी 'ईश्वर की अपनी धरती के श्रमिक' हैं—इसके निर्माता और इसके विकास में हिस्सेदार हैं। उन्हें केरल के जीवन और संस्कृति से जोड़ने के प्रयास पहले से चल रहे हैं। इन प्रयासों को सोच-समझकर आगे बढ़ाना चाहिए। साथ ही, यह धारणा छोड़नी होगी कि ये मजदूर यहां केवल थोड़े समय के लिए आए हैं।

कल्याण बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम और मुआवजा आयुक्तों जैसी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा, ताकि मजदूरों को उनके श्रम संबंधी अधिकार मिल सकें। ऐसा संरक्षण प्रवासी मजदूरों को उनकी मजबूरी का फायदा उठाने वाले नियोक्ताओं से बचाएगा। साथ ही, यह स्थानीय मजदूरों की मजदूरी दरों और अधिकारों की रक्षा में भी मदद करेगा।


हमारे यहां कहा जाता है—'अतिथि देवो भव', यानी अतिथि देवता के समान है।

अगर केरल 'ईश्वर की अपनी धरती' है, तो उसे इस आदर्श को व्यवहार में भी उतारना होगा। केवल अच्छा मेजबान बनना पर्याप्त नहीं है। उसे जरूरत के समय साथ खड़ा होने वाला, संवेदनशील और मददगार समाज भी बनना होगा।

# मंडवाड़ा में श्री क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय शिविर संपन्न, अनुशासित दिनचर्या और उत्तम व्यक्तित्व निर्माण का पाठ पढ़ाया

जूम न्यूज़ • मानगढ़

मंडवाड़ा में श्री क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय शिविर का गरिमापूर्ण समापन हुआ। विदाई अवसर पर शिक्षण प्रमुख नाहर सिंह जी जाखड़ी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, "विदाई हमेशा कष्टदायी होती है, लेकिन परिवर्तन प्रकृति का नियम है।" उन्होंने शिविरार्थियों से आह्वान किया कि संघ से जितना लेना चाहें, लें; अपने भीतर के विषत्व को बाहर निकालें और अमृतत्व को ग्रहण करें। संघ व्यक्ति को निरंतर उर्ध्वगामी बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारा चरित्र सफेद कपड़े के समान है, इसलिए संघ के संस्कार हमारे व्यवहार, आचरण और व्यक्तित्व में सदैव दिखाई देने चाहिए। चार दिवसीय शिविर में प्रातः 4 बजे से अनुशासित दिनचर्या के साथ इतिहास, व्यक्तित्व निर्माण सहित



विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की सहभागिता और अनुशासन शिविर की विशेषता रही।

देवराज सिंह मांडानी ने बताया कि शिविर में जालौर, जोधपुर, पाली, सिरोही क्षेत्र के बारेवड़ा, गोडाना, सवली, चूली, उथमण, लोटीवाड़ा, नारादरा, देचू, चांदना, मानगढ़, मंडवाड़ा, उंदरा, टूआ, भूतगांव, मांडानी सहित आसपास के गांवों से करीब 120 युवा, व्यापारी एवं अध्यापकों ने शिविर में सहभागिता की। शिविर व्यवस्था में स्थानीय समाज बंधु ठा. अमर सिंह, महिपाल सिंह,समुद्र सिंह,भीख सिंह, नरेंद्र सिंह मानगढ़ व अजयपाल सिंह मंडवाड़ा, गजेंद्र सिंह मंडवाड़ा का विशेष सहयोग रहा। प्रांत प्रमुख अमर सिंह चांदना वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रताप सिंह सादलवा, ईश्वर सिंह सरण का खेड़ा, पाबूसिंह मांडाणी, सुमेर सिंह उथमण, ईश्वर सिंह देचू, अर्जुन सिंह बारेवड़ा, शैलेंद्र सिंह उथमण, महिपाल सिंह उंदरा एवं राजेंद्र सिंह वीरवाड़ा सहित अनेकों स्वयंसेवकों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फलौदी: खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साह चरम पर

जूम न्यूज़ • फलौदी


राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की मेजबानी में चल रही 70 वी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर रहा। संयोजक एवं प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने बताया कि टेबल टेनिस अंडर 17 छात्रा वर्ग में पूर्वी ढाणी विजेता और टेडी किड्स उपविजेता रही इसी तरह टेबल टेनिस अंडर-19 छात्रा वर्ग में भियाडिया विजेता और पूर्वी ढाणी उपविजेता रही, इसी तरह क्रिकेट में परमवीर मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में चल रहे अंडर 17 छात्र वर्ग में लालचंद मिलापचंद ढढा स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को, ऋषिकुल स्कूल लोडिया ने मॉडल स्कूल फलोदी को, कुम्हारों की ढाणी चाड़ी ने आदर्श विद्यालय देचू को हराया।

# डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर जनता की मोहर: जोगाराम पटेल

जूम न्यूज़ • जोधपुर

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने नगरीय निकाय चुनाव 2026 के नगर निगम के महापौर, नगर परिषद के सभापति और नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा आज 305 नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद चुनाव संपन्न हुए हैं, अभी तक 301 निकायों के परिणाम घोषित हुए हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने 197 निकायों में अपना बोर्ड बना लिया हैं। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के द्वारा करवाए गए विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगाई हैं।

उन्होंने कहा प्रदेश की जनता भाजपा के "सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास" के ध्येय से जुड़कर विकसित भारत-विकसित राजस्थान के विजन को साकार करने में सक्रिय भागीदारी



निभा रही हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा नगर निगम जयपुर, जोधपुर और कोटा में भी 25 सितंबर को भाजपा के मेयर विजयी होंगे। उन्होंने कहा प्रदेश के 10 में से 9 निगमों में भाजपा के महापौर बनेंगे। उन्होंने कहा 47 में से 30 नगर परिषद में भाजपा के सभापति निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कहा पंचायती राज चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा।

# बिलाड़ा नगरपालिका: भाजपा के महेंद्र सिंह पालावत बने अध्यक्ष

## पालावत को निर्दलीय सहित 25 मत मिले, निर्दलीय को 15 मत ही, विधायक को कार्यकर्ताओ ने कंधों पर उठा जीत के लिए जमकर की आतिशबाजी

जूम न्यूज़ • बिलाड़ा

जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका के पालिकाध्यक्ष के लिए सोमवार को हुए मतदान के दौरान 25 पार्षदों के मतों से भाजपा के महेंद्र पालावत को रिटर्निंग अधिकारी मदाराम पटेल ने विजय घोषित किया जबकि कॉंग्रेस समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार तुलछाराम को मात्र 15 वोट ही मिले।

पालावत के विजयी होने पर पालिका परिसर के बाहर मौजूद विधायक अर्जुनलाल गर्ग जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा तथा कार्यकर्ताओ ने गर्ग को अपने कंधों पर उठा जमकर आतिशबाजी की।

मतदान परिणाम के बाद दोनों ओर से हुई बड़े बंदी तथा कांग्रेस के मैदान से है जान तथा निर्दलीय उम्मीदवार तुलसाराम को कांग्रेस द्वारा समर्थन देने के साथ ही कस्बे के लोगों में यह कयास लगने लगा था कि प्रॉपर्टी का कारोबार करने वाले निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में भाजपा के पार्षद क्रॉस वोटिंग करेंगे लेकिन इन सभी प्रयासों को पीछे छोड़ते हुए एक निर्दलीय सहित भाजपा के 24 पार्षदों ने भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए महेंद्र पालावत के पक्ष में मतदान कर उन्हें 10 मतों से विजई बनाया।

### नारे लगाते हुए पालिका परिषद में पहुंचे पार्षद



सोमवार अभिजीत मुहूर्त और स्वाति नक्षत्र में विधायक अर्जुन लाल गर्ग चुनाव प्रभारी लक्ष्मी बारूपाल जिला महामंत्री सुमित्रा विश्नोई नि- वर्तमान पालिका अध्यक्ष रूप सिंह परिहार एवं नंदकिशोर गर्ग के साथ सभी 24 भाजपाई एवं निर्दलीय पार्षद केसरिया साफे बांधे कृषि उपज मंडी तक गाड़ियों के काफिले के रूप में पहुंचे पश्चात यहां से विधायक के साथ रोड़ शौ के रूप में वंदे मातरम के नारे लगाते हुए पालिका परिसर में पहुंचे।

### उपाध्यक्ष के लिए चुनाव आज

रिटर्निंग अधिकारी मदाराम चौधरी के अनुसार मंगलवार प्रातः 10 उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन होगा नामांकन पत्र की समीक्षा के पश्चात आवश्यकता होने पर मतदान की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप किया जाएगा। जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्ष की ओर से नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाएगा ऐसी स्थिति में नगर पालिका में उपाध्यक्ष के लिए निर्विरोध चुनाव संपन्न होगा।

# पीपाड़ शहर और मथानिया में कांग्रेस, तिवंरी भोपालगढ़ और बालेसर में भाजपा का बोर्ड

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिले की 6 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष/सभापति पद के चुनावों के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बिलाड़ा में भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह ने 25 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी तुलछाराम (15 वोट) को 10 वोटों से हराया।

▪ **पीपाड़ शहर नगर पालिका** में कांग्रेस प्रत्याशी आशा ने 20 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनू (15 वोट) को 5 वोटों से पराजित किया।

▪ **भोपालगढ़ नगर पालिका** में भाजपा के देवेश चौधरी 14 वोट पाकर अध्यक्ष चुने गए। इन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी जमना (11 वोट) को 3 वोटों के अंतर से हराया। बालेसर नगर पालिका में भाजपा प्रत्याशी निरमा सांखला ने 16 वोट हासिल कर विजय प्राप्त की। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार भावना (8 वोट) को 8 वोटों से हराया।

▪ **तिंवरी नगर पालिका** में भाजपा के लक्ष्मण ने 13 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी चम्पालाल (12 वोट) को मात्र 1 वोट के बेहद कड़े अंतर से पराजित किया।

▪ **मथानिया नगर पालिका** में कांग्रेस प्रत्याशी लीला देवी 17 वोट पाकर विजयी रहीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी इन्द्रा देवी (8 वोट) को 9 वोटों के अंतर से पराजित किया।

## नाटक में पौराणिक कथा के जरिए प्रदूषण, प्लास्टिक और आधुनिक विकास के दिखाए दुष्परिणाम

# समुद्र मंथन से निकला 'विष', उठे कई सवाल





**जूम न्यूज • जयपुर**

पौराणिक कथाओं को समकालीन सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए 'समुद्र मंथन' नाटक की प्रस्तुति रविवार को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर के आर.एल. स्वर्णकार ऑडिटोरियम में हुई। यह प्रस्तुति रामजी लाल स्वर्णकार के 23वें पुण्य स्मृति समारोह के तहत आयोजित की गई।

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की रेपर्टरी कंपनी की इस विशेष प्रस्तुति का निर्देशन एनएसडी के निदेशक और वरिष्ठ रंगकर्मी चितरंजन त्रिपाठी ने किया, जबकि नाटक के लेखक आसिफ अली हैं।

'समुद्र मंथन' में पौराणिक कथा के माध्यम से आधुनिक समाज के सामने खड़े सवालों को उठाया गया। नाटक का केंद्रीय विचार यह है कि जिस तरह पौराणिक समुद्र मंथन से अमृत के साथ हलाहल विष भी निकला था, उसी तरह आज विकास, विज्ञान, तकनीक और समृद्धि के मंथन से उपलब्धियों के साथ प्रदूषण, असंतुलन, तनाव और पर्यावरणीय संकट भी सामने आ रहे हैं।

नाटक की मूल कथा समुद्र मंथन की पौराणिक अवधारणा पर आधारित है। देवताओं और असुरों ने अमृत की तलाश में क्षीर सागर का मंथन किया। मंदराचल पर्वत को मथानी और नागराज वासुकि को रस्सी बनाया गया। सभी की नजर अमृत पर थी, लेकिन मंथन से सबसे पहले हलाहल विष निकला। इसके प्रभाव से सृष्टि पर संकट मंडराने लगा और भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर सृष्टि को विनाश से बचाया।

नाटक इसी कथा को वर्तमान समय के संदर्भ में आगे बढ़ाता है। प्रस्तुति में सवाल उठाया गया कि आज विकास और तकनीक के मंथन से मिलने वाले लाभों के साथ जो 'विष' निकल रहा है, उसे कौन धारण करेगा? प्रदूषण, प्लास्टिक, रासायनिक खतरे और पर्यावरणीय असंतुलन जैसे संकटों की जिम्मेदारी किसकी है? नाटक की खासियत रही कि इसमें पौराणिक कथा को उसके मूल भाव के साथ रखते हुए आधुनिक समय की समस्याओं को जोड़ा गया। मंच पर देव और असुर केवल पौराणिक पात्रों के रूप में नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर मौजूद सकारात्मक और नकारात्मक प्रवृत्तियों के प्रतीक के रूप में भी सामने आते हैं। प्रस्तुति यह सवाल भी दर्शकों के सामने रखती है कि क्या मनुष्य अपने भीतर के देवत्व और आसुरी प्रवृत्तियों को पहचान पा रहा है? इच्छाओं, महत्वाकांक्षाओं, कमजोरियों और संवेदनाओं से भरे मनुष्य के भीतर भी लगातार एक तरह का 'मंथन' चलता रहता है।

### 100 से अधिक कलाकारों ने रचा मंचीय वैभव

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की इस प्रस्तुति में 100 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया। भव्य मंच सज्जा, दृश्य वैभव, संगीत, नृत्य और आधुनिक रंग-तकनीक के माध्यम से समुद्र मंथन की कथा को मंच पर जीवंत किया गया। नाटक में पौराणिक प्रसंगों को आधुनिक रंग-तकनीक और दृश्यात्मक प्रभावों के साथ प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों को एक साथ सांस्कृतिक और समकालीन अनुभव मिला। संगीत और नृत्य ने कथा के भावनात्मक पक्ष को मजबूती दी, वहीं मंच सज्जा ने समुद्र मंथन के विशाल कैनवास को दर्शाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नाटक का संदेश आज के संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक दिखाई देता है। आधुनिक विकास ने जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ अनेक उपलब्धियां दी हैं, लेकिन इसके साथ पर्यावरण प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा और रासायनिक खतरों जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। प्रस्तुति दर्शकों को यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि विकास की दौड़ में हम उसके दुष्परिणामों पर कितना विचार कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना किसकी जिम्मेदारी है और विकास तथा प्रकृति के बीच संतुलन कैसे कायम किया जाए?

**ब्रीफ न्यूज**

## निकाय चुनाव: मेड़ता सिटी और मेड़ता रोड में भाजपा ने बनाया बोर्ड




**जूम न्यूज • मेड़ता**

मेड़ता सिटी और मेड़ता रोड नगर निकाय में भाजपा ने पालिकाध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया है। मेड़ता सिटी में भाजपा की कंचन देवी सांखला ने कांग्रेस की नाज परवीन को 15 वोट से हराया, जबकि मेड़ता रोड में भाजपा की तुलसी देवी ने कांग्रेस की पूजा बंजारा को 9 वोट से शिकस्त दी। दोनों निकायों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मेड़ता सिटी में पालिकाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की कंचन देवी सांखला को 27 वोट मिले। कांग्रेस की नाज परवीन को 12 वोट मिले, जबकि 1 वोट खारिज हुआ। इस तरह कंचन देवी ने 15 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। कंचन देवी वार्ड नंबर 31 से पार्षद का चुनाव जीती थी। उन्होंने वार्ड चुनाव में 165 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। कंचन देवी गृहणी हैं। उनके पति राजेंद्र सांखला पिछले बोर्ड में भाजपा से पार्षद रहे हैं और व्यवसाय करते हैं। मेड़ता सिटी नगर पालिका में कुल 40 वार्ड हैं।

### मेड़ता रोड में तुलसी देवी को 17, पूजा को 8 वोट

मेड़ता रोड नगर पालिका में भाजपा की तुलसी देवी पालिकाध्यक्ष चुनी गईं। उन्हें 17 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की पूजा बंजारा को 8 वोट मिले। तुलसी देवी ने 9 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। तुलसी देवी वार्ड नंबर 7 से पार्षद चुनी गई हैं। उन्होंने वार्ड चुनाव में 96 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। तुलसी देवी गृहणी हैं। उनके पति धन्नाराम सीएमएचओ कार्यालय में संस्थापन अधिकारी हैं। मेड़ता रोड नगर पालिका में कुल 25 वार्ड हैं।

## भीलवाड़ा में युवती भगाने के शक में परिवार से मारपीट

**जूम न्यूज • भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा के मांडल में पुरानी रंजिश और युवती को भगाने के शक में एक परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट, प्रताड़ित करने और सामजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। घटना 18 सितंबर, दोपहर करीब 1 बजे मांडल थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार 10-12 लोग लाठी, सरिए और लकड़ियां लेकर परिवार के घर में घुस गए। आरोप है कि उन्होंने परिवार के सदस्यों से मारपीट की, बहू को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया और महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया। इसके बाद परिवार के सदस्यों को मंदिर ले जाकर बांधने और मकान-जमीन के कागजात अपने नाम करने या 9 लाख रुपए देने का दबाव बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार 18 सितंबर को दोपहर करीब 1 बजे 10-12 लोग कथित रूप से लाठी, सरिए और लकड़ियां लेकर घर में घुस आए। उन्होंने युवक को जमीन पर पटककर लाठी और सरियों से पीटा। इससे उसके कमर और पैरों में चोटें आईं और मुंह से खून निकलने लगा। बीच-बचाव करने आए उसके माता-पिता से भी मारपीट करने का आरोप है।

## डूंगरपुर में भाजपा की सुशीला गुप्ता बनी सभापति: पति से लिया आशीर्वाद

**जूम न्यूज • डूंगरपुर**

डूंगरपुर नगरपरिषद में सभापति पद पर भाजपा से सुशीला गुप्ता ने जीत हासिल की है। भाजपा की सुशीला गुप्ता को 25 वोट मिले। जबकि कांग्रेस के भरत नागदा को 12 वोट मिले। बीएपी के 3 पार्षदों ने वोट नहीं किया। डूंगरपुर नगर परिषद में भाजपा ने लगातार 8वीं बार बोर्ड बनाया है। वही सागवाड़ा नग पालिका में भाजपा की आशा पाटीदार ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। आशा पाटीदार को 23 वोट मिले। जबकि कांग्रेस की भूमिका पंचाल को 8 वोट मिले। बीएपी के 4 पार्षदों ने वोट नहीं किया। भाजपा की आशा पाटीदार ने जीत के बाद खुली गाड़ी में सवार होकर लोगो का अभिवादन स्वीकार किया।

# डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने लोकमंथन यात्रा को किया रवाना

## गोविंददेवजी मंदिर से महारानी कॉलेज पहुंची यात्रा, रास्तों को रंगोली से सजाया

**जूम न्यूज • जयपुर**



लोक संस्कृति, लोक परंपरा और भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध रंगों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर में 'लोकमंथन यात्रा-जयपुर महानगर' निकाली गई। गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन के बाद जलेबी चौक से यात्रा का शुभारंभ हुआ। उपमुख्यमंत्री एवं लोकमंथन-2026 आयोजन समिति की अध्यक्ष दीया कुमारी ने यात्रा रथ को रवाना किया। यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी, प्रबुद्धजन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। यात्रा हवामहल, बड़ी चौपड़ और अल्बर्ट हॉल होते हुए महारानी कॉलेज पहुंची। यात्रा मार्ग को रंगोलियों से सजाया गया था। विभिन्न स्थानों पर व्यापार मंडलों और समाजजनों की ओर से पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। लोक परंपरा के ध्वज, लोक वाद्य, पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने यात्रा को लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर किया। यात्रा में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी सहभागिता की। खिलाड़ियों ने साइकिलिंग, स्केटिंग, फुटबॉल, कबड्डी और सतोलिया सहित पारंपरिक एवं आधुनिक खेल गतिविधियों का प्रदर्शन किया। पारंपरिक खेलों और लोक संस्कृति को एक साथ प्रस्तुत करने का उद्देश्य युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना भी रहा।

### 'लोक से जुड़ाव ही लोककल्याण का आधार'

दीया कुमारी ने कहा कि 4 से 6 दिसंबर तक होने वाला लोकमंथन-2026 इस यात्रा के जरिए समाज जागरण और समाज को जोड़ने की दिशा में एक पहल है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा मूल रूप से लोक आधारित रही है और लोक जीवन के मूल्य प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ सामंजस्य तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि लोक से जुड़ाव ही लोककल्याण का आधार है और लोकमंथन से लोकमंगल का मार्ग प्रशस्त होगा।

### महारानी कॉलेज में लोक संस्कृति के कई रंग

यात्रा के महारानी कॉलेज पहुंचने के बाद यहां लोक साहित्य, लोक संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए। कॉलेज परिसर में पारंपरिक वेशभूषा और भारतीय रीति-रिवाजों के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। छात्राओं ने तिलक, कच्छी घोड़ी नृत्य, शहनाई वादन और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। मुख्य सभागार में वैदिक मंगलाचरण, लोक नृत्य, मांड़ गायन, भवई, चरी और कालबेलिया नृत्य, कच्छी घोड़ी, कठपुतली नृत्य, लोकगीत तथा लोक साहित्य और संस्कृति पर व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं। 'लोक में भारत' और 'लोक साहित्य और संस्कृति' जैसे विषयों पर संवाद भी होंगे। लोकदेवताओं और लोकनायकों की झांकियां भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेंगी। बाबा रामदेवजी, वीर तेजाजी और संत रविदासजी से जुड़ी झांकियों के माध्यम से लोक आस्था, सामाजिक समरसता और लोक चेतना के विभिन्न पक्षों को सामने रखा जा रहा है। महारानी कॉलेज में मुख्य सभागार के अलावा सेमिनार हॉल और खुले मंच पर भी अलग-अलग कार्यक्रम हुए।

## थार की टक्कर से डेयरी संचालक की मौत, तेज स्पीड में पीछे से मारी टक्कर; हादसे के बाद कार चालक फरार

**जूम न्यूज • जयपुर**




जयपुर में ओवर स्पीड थार की टक्कर से डेयरी संचालक की मौत हो गई। बुद्धसिंहपुरा निवासी, नवल शर्मा (57) सुबह घर से स्कूटी लेकर काम पर जाने के लिए निकले थे। जब पीछे से आ रहे ओवर स्पीड थार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को हॉस्पिटल लेकर गई। इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। हादसा सांगानेर थाने में शनिवार का है, जिसका सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है। फरार थार चालक की तलाश की जा रही है।

SHO (सांगानेर) हरवेन्द्र सिंह ने बताया- हादसे में सांगानेर के बुद्धसिंहपुरा निवासी नवल शर्मा (57) की मौत हो गई। वह शनिवार सुबह करीब 6 बजे स्कूटी से अपनी दूध डेयरी पर काम के लिए निकले थे। वे चीलगाड़ी रेस्टोरेंट से कुछ दूरी पर स्थित हनुमान मंदिर के पास से जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आई ओवर स्पीड थार ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

### CCTV में नजर आई ब्लैक थार

घटना स्थल पर लगे CCTV फुटेज में ब्लैक कलर की थार पीछे से स्कूटी को टक्कर मारते नजर आ रही है। हादसे के बाद थार चालक फरार हो गया। SMS हॉस्पिटल में रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हिट एंड रन मामले में फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। बिना नंबर की थार की तलाश में रुट चार्ज बनाकर सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है।

## रॉन्ग-साइड से आई कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी, पिता घायल

- बच्ची को बचाने दौड़े पिता घायल, आमेर में हिट एंड रन के बाद ड्राइवर फरार

**जूम न्यूज • जयपुर**



जयपुर के आमेर थाना इलाके में रविवार देर रात रॉन्ग साइड से आई एक कार ने सड़क पर हड़कंप मचा दिया। कुंडा के पास रॉन्ग साइड से आई एक कार RJ 23 CE 3945 ने पहले बाइक सवार परिवार को टक्कर मारी। फिर कार ड्राइवर ने मौके से भागते समय एक अन्य कार समेत आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों को टक्कर मार दी।

इस दौरान बच्ची को बचाने के प्रयास में उसके पिता घायल हो गए। हिट एंड रन के बाद लोगों द्वारा पीछा करने पर ड्राइवर सुनसान जगह कार छोड़कर भाग गया। हादसे के दौरान गाड़ियों को टक्कर मारने वाली कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर लिया। पुलिस कार के नंबर के आधार पर आरोपी ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है।

**सांभर झील में कुछ खास दृश्यों को फिल्माया गया, अलग-अलग लोकेशन पर गाने के दृश्य शूट किए जा रहे**

# पंजाबी सिंगर करण ओजला जयपुर में कर रहे शूटिंग: नाहरगढ़ पर सनराइज के साथ गाना शूट किया, सांभर झील पर भी लिए शॉट्स

**जूम न्यूज • जयपुर**





पंजाबी सिंगर करण औजला जयपुर और आसपास के इलाकों में अपने नए गाने की शूटिंग कर रहे हैं। गाने की शूटिंग की शुरुआत रविवार को सांभर झील से की गई, जहां इसके कुछ खास दृश्यों को फिल्माया गया। इसके बाद शूटिंग टीम सोमवार को जयपुर पहुंची। शहर की अलग-अलग लोकेशन पर गाने के दृश्य शूट किए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि शूटिंग के दौरान जयपुर के नाहरगढ़ में सूर्योदय के दृश्यों को भी फिल्माया गया है। सुबह की प्राकृतिक रोशनी और जयपुर की ऐतिहासिक लोकेशन को गाने के विजुअल्स में शामिल किया गया है। नाहरगढ़ में सनराइज शूट पूरा होने के बाद अब टीम जयपुर की अन्य लोकेशन पर फिल्मांकन कर रही है। गाने की शूटिंग के लिए सांभर झील से शुरुआत किए जाने के पीछे यहां का अलग दृश्यात्मक परिवेश खास आकर्षण है। झील का नमक क्षेत्र और खुला प्राकृतिक बैकड्रॉप म्यूजिक वीडियो के दृश्यों को अलग लुक देता है। सांभर झील पहले भी फिल्मों और म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के लिए इस्तेमाल होती रही है। इसके बाद शूटिंग का फोकस जयपुर की ऐतिहासिक और शहरी लोकेशन पर है। नाहरगढ़ में सूर्योदय के दृश्यों के बाद टीम अब शहर में अलग-अलग जगहों पर गाने के शेष हिस्से शूट कर रही है। राजस्थान में फिल्म और म्यूजिक शूट के लिए लोकेशन परमिशन की सिंगल विंडो व्यवस्था भी उपलब्ध है। सूत्रों के अनुसार यह एक नया पंजाबी गाना है, जिसे जल्द ही किसी बड़ी संगीत कंपनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किए जाने की तैयारी है।

गाने के शीर्षक, कलाकारों और रिलीज की तारीख को फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है। ऐसे में करण औजला के प्रशंसकों के बीच इस नए प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। करण औजला इन दिनों अपने इंडिया टूर की भी योजना बना रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जयपुर में शूट किया जा रहा यह गाना उनके आगामी इंडिया टूर से भी जुड़ा एक खास सरप्राइज हो सकता है। गाने के विजुअल्स और इसके रिलीज को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद ही इसकी पूरी तस्वीर साफ होगी।



## दुपहिया 2 का ट्रेलर जारी, सामाजिक मुश्किलों का कराता है सामना

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'दुपहिया सीजन 2' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'धड़कपुर' गांव की आम सी परेशानियों को ट्रेलर में दिखाया गया है। ट्रेलर में दिग्गज और नई कास्ट साथ में अभिनय करती नजर आएगी। दुपहिया सीजन 2 का ट्रेलर आपको मनोरंजन के साथ कई सामाजिक मुश्किलों का सामना कराता है। यह ट्रेलर अंजान मोड़ों और उथल-पुथल से भरी कहानी की एक झलक पेश करता है, जो इस बार भी यहां के लोगों का पीछा छोड़ने वाली नहीं हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार फिर बनवारी का परिवार किसी बड़ी मुसीबत में फंसने वाला है। दुपहिया सीजन 2 की कहानी में धड़कपुर गांव में बनवारी के बंजर जमीन में टॉवर लगना है।

लाइफ Style



# जेनिफर

## विलियम संग की दूसरी बार शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके में एक प्राइवेट क्रिश्चियन वेडिंग के कुछ हफ्ते बाद गोवा में फिर से शादी की। साथ ही इस खास दिन का जश्न अपने करीबी दोस्तों के साथ मनाया।


जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके के बाद गोवा में क्रिश्चियन वेडिंग की है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को कपल के सेलिब्रेशन की कुछ खास झलक भी देखने को मिली, जो गोवा की थी। इस कपल ने जुलाई में यूके में एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की थी और अपने दोस्तों को एक रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बना लिया, जिसमें टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल थे। इस गैदरिंग के वीडियो और फोटो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर, करण वाही, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, मंदिरा बेदी, शब्बीर अहलूवालिया और दूसरों के साथ सेलिब्रेशन का मजा लेते नजर आ रही है। जेनिफर विंगेट ने अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गोवा वेडिंग की, जो झलक शेयर की है। उसमें वह जेनिफर और विलियम एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते दिख रहे हैं। यह पार्टी यूके में जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल की वेडिंग के दो महीने बाद हुई। मंदिरा बेदी ने गोवा में सेलिब्रेशन करवाया, जबकि हरलीन सेठी ने जश्न के दौरान गुलदस्ता पकड़ा। गोवा सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर और विलियम अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## परिवार और दोस्तों ने छोड़ दिया अकेला

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर एड शीरन हालिया फिलाडेल्फिया कॉन्सर्ट में फफक कर कई बार स्टेज पर ही रो पड़े। उन्होंने वहां पहुंचे 50 हजार फैंस से कहा कि ये दुनिया बहुत डरावनी जगह है। पिछले एक हफ्ते में उन्हें पता चला है कि असली रिश्ते क्या होते हैं। सिंगर ने कहा- परिवार और दोस्तों ने मुझे अकेला छोड़ दिया। परफॉर्मेंस के बीच में टेलीप्रॉम्प्टर से बयान पढ़ते हुए सिंगर को भावुक देख जहां फैंस की आंखें भी नम हो गई, वहीं उन्होंने खुलासा किया कि उनके परिवार और दोस्तों ने भी उनका साथ छोड़ दिया है।




## 15 की उम्र में शुरू किया था मॉडलिंग कॅरियर

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड और बिजनेसमैन रैंडे गेरबर के बेटे प्रेस्ली गेरबर नहीं रहे। महज, 27 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। प्रेस्ली गेरबर का जन्म साल 1999 में कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में हुआ था। 15 साल की उम्र में आईएमजी मॉडल्स के साथ साइन करने के बाद उन्होंने टीनएजर के तौर पर अपना मॉडलिंग कॅरियर शुरू किया। प्रेस्ली ने लॉस एंजिल्स में मोस्किनो शो से अपना रनवे डेब्यू किया था। इसके बाद मिलान में डोल्से एंड गब्बाना जैसे शो में भी हिस्सा लिया। उन्होंने केल्विन क्लाइन के एक कैंपेन में भी काम किया। अपनी छोटी बहन काइया के साथ काम करने वाले गेरबर ने हाल के वर्षों में मेंटल हेल्थ, अवसाद और नशीले पदार्थों की लत से जुड़ी अपनी मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की थी।



## 'ये प्रेम मोल लिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज

**मुंबई।** पारिवारिक फिल्में बनाने के लिए मशहूर सूरज बड़जात्या नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सूरज की फिल्मों में परिवार, परंपरा और इमोशंस होते हैं। नई फिल्म में भी दर्शक ऐसी उम्मीद कर सकते हैं। फिलहाल इसका टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है और इसने महफिल लूट ली है। 'ये प्रेम मोल लिया' के टाइटल ट्रैक में भव्य शादी दिखाई गई है। शादी की रस्मों और परिवार के प्यार ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं। दूसरी, तरफ इसमें रीति-रिवाजों की भी वाइब है। गाने में त्योहार के पलों की झलक दिखाई गई है। शरवरी और आयुष्मान खुराना को छठ पर्व मनाते दिखाया गया है।



## द मॉन्स्टर माइंड्स से होगा डेब्यू...

**नई दिल्ली।** बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले आदित्य सिंह सुदर्शन अब फिल्मी दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। आध्यात्मिक और सामाजिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' से बतौर लीड हीरो एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके दादा आचार्य सुदर्शन जी महाराज हैं। वहीं, आदित्य के पिता पूर्व राज्यमंत्री अमिताभ गुंजन चुन्नू हैं। आदित्य एक्टिंग की दुनिया में अपनी पहली पारी शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' मोशन पल्स के बैनर तले बनी है। यह साइकोलॉजिकल सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इसमें दर्शकों को रहस्य, रोमांच, एक्शन और कई ऐसे विजुअल्स देखने को मिलेंगे, जो कहानी को और खास बनाने वाले हैं। आदित्य की पहचान सिर्फ उनके परिवार की वजह से नहीं है।

## टीवी मसाला



## खतरों के खिलाड़ी 15 के सेमी फिनाले की डेट का ऐलान

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सेमी फिनाले अगले हफ्ते 26 और 27 सितंबर होगा। सेमी फाइनल सभी आठ कंटेस्टेंट के लिए एक अहम पड़ाव होगा, क्योंकि मुकाबले में सिर्फ पांच कंटेस्टेंट ही आगे बढ़ पाएंगे। आने वाले चैलेंज में उनकी हिम्मत, ताकत, सहनशक्ति और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा होगी। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद फाइनलिस्ट ग्रैंड फिनाले में ट्रॉफी के लिए मुकाबला करेंगे। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की ट्रॉफी जीतने के लिए 5 टॉप फाइनलिस्ट में कड़ा मुकाबला होगा, जिसके बाद रोहित शेट्टी अपने शो के विनर का खुलासा करेंगे। सेमी फिनाले में दर्शक जबरदस्त एक्शन, चौंकाने वाले ट्विस्ट और इमोशनल पलों की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि कंटेस्टेंट फाइनल रेस में अपनी जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगे। रोहित शेट्टी के सबसे पॉपुलर टीवी शो में अब 8 कंटेस्टेंट्स करण वाही, रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी, अविनाश मिश्रा, हर्ष गुजराल, फराना भट्ट, ओरी और रूहानिका धवन में जंग होगी। इनमें से कोई 5 ही 'खतरों के खिलाड़ी 15' के फिनाले की रेस में शामिल होंगे। शो से विशाल आदित्य सिंह, गौरव खन्ना, शगुन शर्मा, अविका गौर और जैस्मीन भसीन बाहर हो चुके हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के 'रिवेंज वीक' ने खूब सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि इसमें कंटेस्टेंट्स ने कई तरह के स्टंट किए। ऊंचाई वाले चैलेंज से लेकर इलेक्ट्रिक स्टंट तक, सेलिब्रिटीज ने केप टाउन में टास्क करते हुए अपना डेयरडेविल अंदाज दिखाया।

### 'बिग बॉस 20' से रोहेद का सफर खत्म

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' में रोहेद खान का सफर खत्म हो गया है। ऑस्ट्रियाई-अफगान एक्टर को रविवार, 20 सितंबर को 'वीकेंड का वार' एपिसोड के दौरान सलमान खान के रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया। वे बिग बॉस सीजन 20 से बाहर होने वाले पहले कंटेस्टेंट बन गए। रोहेद खान को आसिफ खान और तन्मय सिंह के साथ एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट किया गया था। इन तीनों को पब्लिक वोट का सामना करना पड़ा था, क्योंकि कैप्टन यंग डीएसए के साथ मिलकर नॉमिनेशन की रणनीतियों पर चर्चा करके घर के नियम का उल्लंघन करने का आरोप उन पर लगा था। यंग डीएसए अपनी कप्तानी की वजह से नॉमिनेशन से बच गए थे। नॉमिनेट हुए तीन कंटेस्टेंट में से रोहेद को सबसे कम वोट मिले और इसके बाद उन्हें शो से बाहर कर दिया गया। रोहेद खान के बाहर होने की एक वजह इस सीजन का 'एक्स्ट्रा जीवनदान' ट्विस्ट भी रहा। कप्तानी के एक टास्क के दौरान कनिका मान ने रोहेद की एक 'लाइफलाइन' छीन ली, जिससे भविष्य में एलिमिनेशन से बचने के लिए उनके पास एक मौका कम हो गया।



## स्पाई मास्टर की कहानी पर्दे पर उतारेंगे करण



**मुंबई।** 21 सितंबर 1968 को भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की स्थापना की गई थी। 'रॉ' के सफर को 58 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस खुफिया एजेंसी की स्थापना महान जासूस रामेश्वर नाथ काव (आर एन काव) ने की थी। उन पर फिल्म का एलान किया गया है। यह फिल्म करण जौहर बनाएंगे। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा करते हुए भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव पर आधारित फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म साल 2028 में अगस्त में रिलीज होगी। करण जौहर ने लिखा है, 'काव ने पर्दे के पीछे रहकर काम किया और उस संस्था को दुनिया के सामने लाए जिसे आज हम रॉ के नाम से जानते हैं'। करण जौहर ने बताया कि उनकी यह फिल्म नितिन गोखले की किताब 'जेंटलमैन स्पाईमास्टर' पर आधारित है। यह फिल्म 11 अगस्त, 2028 को बड़े पर्दे पर आएगी। भारत के महान जासूस रामेश्वर नाथ काव का जन्म 10 मई, 1918 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था। भारत के आजाद होने के समय काव ने खुफिया एजेंसी की दुनिया में कदम रखा था। 1947 में उनकी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में नियुक्ति हुई थी और उनका प्रशिक्षण लीजेंडरी भोला नाथ मुल्लिक की निगरानी में हुआ था। उन्होंने कुछ बहुत से अहम मामलों पर काम किया। इसमें 1950 के मध्य में कश्मीर प्रिंसेस मामले की जांच और 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति में योगदान शामिल है।

## टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में बजा 'अंग' का डंका ऑस्कर 2027 के लिए हुई क्वालीफाई

*मुंबई। नागालैंड की पृष्ठभूमि पर बनी भारतीय फिल्म 'अंग' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में बड़ा सम्मान हासिल किया है। नागालैंड के निर्देशक तेजा रियो की इस फिल्म ने 'प्लेटफॉर्म प्राइज' अपने नाम किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि इस अवॉर्ड के साथ फिल्म ने 2027 के ऑस्कर अवॉर्ड्स की 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में सीधे जगह बना ली है। टीआईएफएफ की जूरी ने 'अंग' को उसके नए नजरिए, शानदार सिनेमैटोग्राफी और एक अनोखी दुनिया को गहराई और खूबसूरती से पर्दे पर उतारने के लिए प्लेटफॉर्म प्राइज दिया है। जूरी ने फिल्म के निर्देशक तेजा रियो की सोच, हिम्मत और साहस की भी तारीफ की।*

### ऑस्कर में कैसे मिली सीधे एंट्री?

इस साल से टीआईएफएफ का प्लेटफॉर्म प्राइज उन चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जिन्हें जीतने वाली फिल्मों को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में सीधी एंट्री मिलती है।



### क्या है अंग की कहानी?

अंग की कहानी 1960 के दशक के नागालैंड की है, जहां एक पिता और उसका बेटा अपनी जिंदगी जी रहे हैं। कहानी में एक मिशनरी के आने के बाद बेटे का उनके रहन-सहन और तौर-तरीकों से प्रभावित होना दिखाया गया है। इसके साथ ही फिल्म धर्म परिवर्तन के दौर में नागा समाज और उसकी संस्कृति में आए बदलावों को भी सामने लाती है। फिल्म यह दिखाती है कि कैसे उस समय स्थानीय परंपराओं और संस्कृति को पिछड़ा मानकर देखने की सोच बढ़ने लगी थी।

### कोन्याक भाषा में बनी है फिल्म

अंग की सबसे खास बात इसकी भाषा है। फिल्म लगभग पूरी तरह कोन्याक भाषा में शूट की गई है। कोन्याक नागालैंड के कोन्याक समुदाय की प्रमुख भाषाओं में से एक है और भारतीय सिनेमा में इस भाषा का इस्तेमाल बेहद कम देखने को मिलता है।

### शॉर्ट फिल्म से बनी फीचर फिल्म

तेजा रियो ने साल 2021 में एक शॉर्ट फिल्म बनाई थी 'अंग'। उसकी शॉर्ट फिल्म के आधार पर उन्होंने 'अंग' नाम की फीचर फिल्म बनाई। बता दें, उनकी शॉर्ट फिल्म को क्लेरमोंट-फेरैंड इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवॉर्ड मिला था।

## इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

# इंसाफ मांगेंगी अनीत, बच्चे की खोज में निकलेंगी परिणीति

*नई दिल्ली। जो दर्शक किसी वजह से सिनेमाघरों तक नहीं जा पाते, उनके लिए इस हफ्ते ओटीटी पर बहुत कुछ खास है। इस हफ्ते कई फिल्में सिनेमाघरों के बजाय सीधे ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं। ओटीटी के लिहाज से आने वाला हफ्ता बहुत शानदार होने वाला है। इस हफ्ते कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज ओटीटी पर दस्तक देने वाली हैं। यही नहीं रियलिटी शो भी ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं, उनमें बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों शामिल हैं।*

### हुंकार

अनीत पड्डा और फातिमा सना शेख की अदाकारी से सजी वेब सीरीज 'हुंकार' इस हफ्ते रिलीज होने वाली है। यह कोर्टरूम ड्रामा एक टीनएजर लड़की के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक मशहूर आध्यात्मिक गुरु पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाती है। यह 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

### शकः ट्रस्ट नो वन

परिणीति चोपड़ा 'शकः ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी में डेब्यू कर रही हैं। रेनसिल डी'सिल्वा के निर्देशन में बनी इस सीरीज की कहानी एक मां की अपने खोए हुए बच्चे की 9 साल की खोज के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें सोनी राजदान, अनूप सोनी और जेनिफर विंगेट भी होंगे। यह 24 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





### डोंट बी शाय

आलिया भट्ट के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 25 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। इसमें ऐसी लड़की की कहानी है, जिसे लगता है कि उसने अपनी जिंदगी को पूरी तरह समझ लिया है। मगर उसकी प्लान की गई जिंदगी में अचानक एक मोड़ आता है और सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है।

### राइज एंड फॉल 2

रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 ओटीटी पर आ रहा है। इस नए सीजन के होस्ट पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग हैं। खबरों के मुताबिक इसमें स्वरा भास्कर, करण पटेल, प्रियंका चहर चौधरी और शहजाद पूनावाला हिस्सा ले सकते हैं। इसे अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर 26 सितंबर 26 से देखा जा सकता है।

### मिनर्वा एकेडमी

वेब सीरीज 'मिनर्वा एकेडमी' 22 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी एक ऐसे स्कूल के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां बहुत सख्त शासन है। बच्चे प्रतिस्पर्धा करते हुए दबाव में पढ़ाई करते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब एक बच्चा अपने लापता हुए दोस्त को ढूंढने के लिए हदें पार करता है।

### हैबियस कॉर्पस

लीगल ड्रामा वेब सीरीज 'हैबियस कॉर्पस' 23 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है। सीरीज की कहानी कानून के एक प्रोफेसर पर आधारित है। वह छात्रों के साथ मिलकर एक ऐसे शख्स को निर्दोष साबित करने का जिम्मा उठाते हैं, जो सजा काट रहा है। सीरीज में कई चौंकाने वाले मोड़ आते हैं।

### द फाइनल प्रॉब्लम

इस हफ्ते नेटफ्लिक पर मर्डर मिस्ट्री सीरीज 'द फाइनल प्रॉब्लम' रिलीज हो रही है। सीरीज की कहानी एक ऐसे शख्स पर आधारित है जो पर्दे पर जासूस का रोल प्ले कर चुका है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब एक होटल में एक मर्डर हो जाता है। वहां पुलिस नहीं होती है। ऐसे में शख्स अपना रील लाइफ वाला टैलेंट इस्तेमाल करता है।

**ये फिल्में भी होंगी रिलीज :** हॉरर थ्रिलर फिल्म 'हाउस एट द एंड ऑफ द स्ट्रीट' 24 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

# टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत दीपिका, रुतुजा, नवनीत की हैट्रिक

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराया

काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका, फॉरवर्ड रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराकर एशियाई खेलों के पूल बी में सोमवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीपिका ने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। इससे पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ 19-0 से मिली जीत में दीपिका ने 8 गोल दागे थे।

रुतुजा ने 15वें, 20वें और 38वें मिनट में गोल किए। नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल दागे। सुनेलिटा टोप्पो (11वां, 30वां), लालरेम्सियामी (12वां और 16वां) और साक्षी राणा ( 25वां और 57वां ) ने दो-दो गोल किए जबकि कप्तान सलीमा टेटे (35वां) और इशिका चौधरी (36वां ) ने एक-एक गोल किया। इंडोनेशिया के लिये एकमात्र गोल इनेस आदितिया ने 32वें मिनट में दागा ।



### भारत का सामना थाईलैंड से कल

भारत का सामना अब बुधवार को थाईलैंड से होगा। भारत को चौथे ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन नवनीत के प्रयास को इंडोनेशियाई गोलकीपर ने रोक दिया। दीपिका ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद नेहा के पास पर सुनेलिटा ने गोल दागा। दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका की फ्लिक इंडोनेशियाई गोलकीपर ने बचा ली, जिसके बाद रिबाउंड पर लालरेम्सियामी ने गोल किया। रुतुजा ने साक्षी राणा का प्रयास बचा लिए जाने के बाद डिफ्लैक्शन पर गोल दागा। एक मिनट बाद लालरेम्सियामी ने और फिर रुतुजा ने गोल किए। साक्षी ने 27वें मिनट में दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर गोल के बाद रिबाउंड पर गोल किया।



### 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी बनी सविता

काकामिगाहारा। भारतीय हॉकी की दीवार कही जाने वाली गोलकीपर सविता पूनिया सोमवार को भारत के लिए सबसे ज्यादा 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिन्होंने वंदना कटारिया का रिकॉर्ड तोड़ा। सविता ने यह उपलब्धि एशियाई खेलों में पूल बी में इंडोनेशिया के खिलाफ दूसरे मैच में हासिल की। हॉकी इंडिया ने इस उपलब्धि पर उनके लिए 10 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पूर्व कप्तान और तीन बार एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (2020, 2021, 2023) चुनी जा चुकी सविता ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था और अब तक तीन ओलंपिक, तीन विश्व कप और दो एशियाई खेलों में भाग ले चुकी है। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ फरवरी 2025 में हुए मैच के दौरान 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए थे। वह वंदना के अलावा 300 से अधिक मैच खेलने वाली अकेली भारतीय महिला खिलाड़ी और पीआर श्रीजेश के बाद एकमात्र गोलकीपर हैं।

## बैडमिंटन पुरुषः क्वार्टर फाइनल में भारत, बांग्लादेश को हराया



इचिनोमिया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम बांग्लादेश को 3-0 से हराकर सोमवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और श्रीकांत ने एक भी गेम गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना मंगलवार को मेजबान जापान से होगा। महिला टीम भी अंतिम आठ में जापान से खेलेगी। लक्ष्य ने इब्न ऐमान जमान को आधे घंटे से भी कम समय में 21-4, 21-12 से मात दी। इसके बाद आयुष ने गौरब सिंह को 25 मिनट में 21-4, 21-13 से हराया। श्रीकांत ने जुमार अल अमीन को 23 मिनट में 21-15, 21-9 से शिकस्त दी। मैच के बाद लक्ष्य ने कहा,' मेरे लिए हालात के अनुरुप ढलना अहम था। यह कठिन मैच नहीं लग रहा था लेकिन पहला मैच काफी पेचीदा हो सकता है। मैं अच्छी शुरुआत करके कोर्ट के अनुसार खुद को ढलने के इरादे से ही आया था।

## महिला टेबल टेनिस : पाकिस्तान को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत



टोयोटा। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्काई हॉल में भारत ने ग्रुप एफ में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने रविवार को अपने शुरुआती मुकाबलों में इंडोनेशिया और सिंगापुर को हराया था और इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी अपना दबदबा कायम रखा। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला युगल का कांस्य पदक जीतने वाली सुतीर्था मुखर्जी ने अलीना खान को केवल 10 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाईइसके बाद 17 वर्षीय सिंड्रेला दास ने कलसूम खान को 11-6, 11-7, 11-5 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।

## मुक्केबाजी : प्री क्वार्टर फाइनल में सुमित कुंडू



निशियो। भारत के मुक्केबाजी अभियान की एशियाई खेलों में सोमवार को शानदार शुरुआत हुई जब सुमित कुंडू ने 70 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर में थाईलैंड के बुनजोंग सिनसिरी को सर्वसम्मत फैसले में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से चूके दो भारतीय मुक्केबाजों में शामिल कुंडू ने अंतिम दौर में दबदबा बनाते हुए सिनसिरी को 5-0 से हराया। अब उनका सामना इराक के अली कासिम हमदान अल सर्रा से होगा। भारत ने एशियाई खेलों के लिए 11 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम उतारी है, जिसमें छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं। पिछले एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने चार पदक जीते थे, जिनमें एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल थे।

## भारतीय रोइंग टीम में असंतोष तूफान दुजुआन का खतरा

भाषा ▶▶ नागोया

एशियाई खेलों में भारत के रोइंग शिविर में असंतोष पनप रहा है, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों का दावा है कि उन्हें उन स्पर्धाओं से हटा दिया गया है जिनके लिए उन्हें मूल रूप से चुना गया था और कुछ रिजर्व खिलाड़ियों को पहली टीम में शामिल किया गया है। रोइंग की प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। एक रोवर ने बताया कि उन्हें उनकी पसंदीदा स्पर्धा से हटा दिया गया है और उनकी जगह एक रिजर्व खिलाड़ी को शामिल किया गया है। पता चला है कि 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, जिन्हें सिंगल स्कल्स में हिस्सा लेना था, उन्हें क्वाड्रपल स्कल्स में भेज दिया गया है। बलराज पंवार, जो क्वाड्रपल स्कल्स में थे, उन्हें सिंगल स्कल्स में भेज दिया गया। पुरुष युगल टीम में सौरभ कुमार और विपुल सतीश को शामिल किया जाना था, लेकिन उनकी जगह नितिन कुमार और जसविंदर सिंह को लिया जाएगा। रिजर्व खिलाड़ी जसमाइल सिंह को कॉक्सलेस फोर में जगह दी जाएगी।

### *तूफान दुजुआन की आशंका से घुड़सवारी प्रतियोगिता स्थगित*

*आइची-नागोया एशियाई खेलों के आयोजकों ने सोमवार को तोक्यो में होने वाली घुड़सवारी प्रतियोगिता को तूफान दुजुआन के संभावित खतरे के कारण मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। आयोजकों ने अब नया कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिसके अनुसार इवेंटिंग ड्रेसेज और इवेंटिंग जंपिंग मंगलवार से शुरू होंगे।*

## ब्रीफ न्यूज



### वित्तीय मॉडल पर काम कर रही सुपर लीग केरला

नई दिल्ली। सुपर लीग केरला एक नए वित्तीय मॉडल पर काम कर रही है, जिसका मकसद अगले सत्र से अपनी ज्यादातर फ्रेंचाइजी को 'ब्रेक इवन प्वाइंट' (न लाभ न हानि) के करीब लाने के साथ ही जर्मन फुटबॉल संघ के साथ पांच साल का तकनीकी रोडमैप भी तैयार करना है। जर्मन फुटबॉल संघ के साथ तैयार रोडमैप में हर साल करीब 200 युवा प्रतिभाओं के लिए रिहायशी उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) स्थापित करना भी है। लीग के निदेशक और सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा,' हमने यह पाया कि काफी खर्च करने से टीमें टिक नहीं पाएंगी। यही एक वजह है कि लीग की शुरुआत से ही हमने मितव्ययिता की पैरवी की, चाहे वह वेन्यू का खर्च हो, लागत हो या खिलाड़ियों के लिए पर्स हो।'

### इंडियन सुपर लीग के सीईओ बने यादव



मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य व्यावसायिक अधिकारी करण यादव को सीईओ नियुक्त किया, जो क्लबों की अगुवाई वाले नए मॉडल में लीग का नेतृत्व करेंगे। सीईओ के तौर पर यादव लीग ऑफिस और आईएसएल की रणनीतिक, व्यावसायिक और संगठनात्मक दिशा का नेतृत्व करेंगे और इसके क्लबों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ मिलकर काम करेंगे। यादव ने कहा ,'आईएसएल नए अहम अध्याय की ओर बढ रहा है और मुझे खुशी है कि भविष्य को दिशा देने का मौका मिला है।

## भारत की शानदार शुरुआत, जापान को 49-24 से हराया

एजेंसी ▶▶ टोकाई सिटी

गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मेजबान जापान को 49-24 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और टोकाई सिटीजन्स जिम्नेजियम में अयान लोचब और देवांक दलाल ने रेडिंग में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक टीम को 31-9 की बढ़त दिला दी। गत चैंपियन भारत ने दूसरे हाफ में 18 अंक और जोड़े। भारत ने 36 अंक आउट करके, आठ अंक ऑलआउट करके और दो अंक सुपर टैकल के जरिए हासिल किए।

## शतरंज ओलंपियाडः उज्बेकिस्तान से हारी भारतीय पुरुष टीम

समरकंद (उज्बेकिस्तान)। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को 46वें शतरंज ओलंपियाड के छठे दौर में मेजबान उज्बेकिस्तान की टीम से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे बोर्ड पर नोदिरबेक याकुब्बोएव ने जीत हासिल की, जबकि अन्य मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। पहले बोर्ड पर आर प्रज्ञानानंद ने नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से और दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी ने जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला। चौथे बोर्ड पर डी गुकेश और शमसिद्दीन वोखिदोव का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। लेकिन प्रतियोगिता में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले निहाल सरीन तीसरे बोर्ड पर हार गए जिससे भारत को 1.5-2.5 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार से भारतीय टीम ने बढ़त गंवा दी है और अब उसे मुकाबले में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। भारत के अब 10 अंक हैं जबकि उज्बेकिस्तान की टीम 12 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय महिला टीम वापसी करने के लिए तैयार थी क्योंकि वह अमेरिका के खिलाफ 2-1 से आगे थी। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के मैच ड्रॉ रहे, जबकि सविता श्री एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो जीत हासिल कर सकीं।

## डेविस कप : ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को महज 77 मिनट में हराया

हाले

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डिनो प्रिज्मिक को आसानी से हराया, जिससे जर्मनी ने क्रोएशिया को 3-1 से शिकस्त देकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 8 में जगह बनाई।

ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को 6-2, 6-4 से हराने में केवल 77 मिनट लिए। प्रिज्मिक की रैंकिंग अमेरिकी ओपन और फ्रेंच ओपन के चैंपियन ज्वेरेव से 100 से अधिक स्थान नीचे है। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ज्वेरेव ने जर्मनी के हाले में इंडोर हार्ड कोर्ट पर दबदबा बनाए रखा। प्रिज्मिक को मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं मिला।

इससे पहले रविवार को केविन क्राविएत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी ने निकोला मेक्टिच और माते पाविच को 7-5, 6-2 से हराकर ज्वेरेव को जर्मनी को नवंबर में इटली के बोलोन्या में होने वाले अंतिम आठ मुकाबलों में पहुंचाने का मौका दिया था।

### जर्मनी अंतिम आठ में, ब्रिटेन आगे बढ़ा



### ब्रिटेन ने अंतिम-8 में बनाई जगह

ब्रिटेन ने भी अंतिम आठ टीमों में जगह बनाई। हेनरी पैटन और नील स्कूप्स्की की युगल जोड़ी ने गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 6-3, 6-4 से हराकर इक्वाडोर पर ब्रिटेन की 3-0 की अजेय बढ़त सुनिश्चित की।

## सुदर्शन करेंगे पारी का आगाज

# आज से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबला

पुडुचेरे

चोट से उबर कर साई सुदर्शन मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू होने वाले चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मुकाबले में भारत ए के लिए एक बार फिर पारी की आगाज करेंगे तो उनकी नजरें न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज की जगह पक्की करने पर होंगी। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में भी कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टेस्ट टीम में जगह बनाने की दौड़ में हैं। इनमें सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी, ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी तथा तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन प्रमुख हैं।



### टेस्ट टीम में पडिक्कल की जगह पक्की

भारत ए की कप्तानी कर रहे देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के पिछले दौरे में दो शतक लगाकर टेस्ट टीम में तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। ऐसे में पिछली 'ए' श्रृंखला से पारी की शुरुआत करने वाले सुदर्शन चाहेंगे कि ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी वह वहीं से शुरुआत करें, जहां उन्होंने श्रीलंका ए के खिलाफ अपना शानदार अभियान छोड़ा था। सलामी बल्लेबाजी में विकल्प के लिए सुदर्शन के अलावा अमन मोखाडे भी दावेदार हैं। श्रीलंका में उन्हें अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में सफलता नहीं मिली थी।

### सारांश जैन पर खास नजर

श्रीलंका में टेस्ट खेल चुके ऑफ स्पिनर सारांश जैन अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। ऐसे में अंतरिम मुख्य चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा और समिति के अन्य सदस्य अनुभवी मुंबई के गेंदबाज तनुष कोटियन के प्रदर्शन पर खास नजर रखेंगे। इस मुकाबले से चयनकर्ता उन खिलाड़ियों की पहचान करना चाहेंगे, जिन्हें भारत ए के न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना जा सकता है। भारत ए को न्यूजीलैंड में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। पिछले 12 महीनों में यह दूसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया ए की टीम भारत दौरे पर आई है। यह दौरा बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## भारत और जापान के बीच मुकाबला आज

सानो। जापान की क्रिकेट टीम ऐतिहासिक टी20 मुकाबले में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन भारत का सामना करेगी तो यही उम्मीद होगी कि इस मैच का असर बेसबॉल के दीवाने इस देश में मैदान से बाहर तक नजर आए। इस मैच की घोषणा हाल ही में की गई और यह भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में खेला जाएगा। भारत मौजूदा विश्व चैम्पियन है और जापान 41वीं रैंकिंग पर है लिहाजा यह बेमेल सा ही मुकाबला है, जिसे आइची नागोया में एशियाई खेलों के बीच आयोजित किया जा रहा है। आंकड़ों से इतर बात करें तो इस मैच के जरिए जापान के क्रिकेटरों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों से खेलने का मौका मिलेगा। जापान क्रिकेट संघ के सीओओ एलेन कर ने कहा,'जापान क्रिकेट की पृष्ठभूमि में कई सालों से बहुत कुछ चल रहा है और अब यह बहुत अच्छा है कि हम समुद्र तल से ऊपर है और हम असल में कुछ और लोगों को दिखाई दे रहे हैं।'



## भारत अंडर-19 टीम का सीरीज पर कब्जा

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की शानदार जीत

राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अनाधिकारिक वनडे सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। निरंजन शाह स्टेडियम में इस जीत के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने 18 सितंबर को खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 रन से जीता था, जिसमें बारिश के चलते 30-30 ओवरों की कटौती हुई। अब दूसरा मैच जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर कब्जा कर लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 23 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी।



### भारत ने बनाए 341 रन

राजकोट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 341 रन बनाए। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। लक्ष्य 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। आर्यवीर 48 गेंदों में 9 चौकों के साथ 47 रन बनाकर आउट हुए।


## स्पेनिश लीग : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया

# मैनचेस्टर सिटी ने शीर्ष पर की अपनी बढ़त मजबूत

मैड्रिड

■ प्रीमियर लीग : मैनचेस्टर सिटी ने रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को दी शिकस्त

एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग के इस सत्र के अपने पहले डर्बी मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को 5-3 से शिकस्त देकर शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत की। एटलेटिको के लिए दूसरे हाफ में अलेजांद्रो ग्रिमाल्डो और जोनाथन डेविड ने गोल किए। इस जीत से एटलेटिको दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि बार्सीलोना शीर्ष पर है। मैच के बाद रियाल मैड्रिड के कोच जोस मोरिन्हो ने रेफरी के फैसलों की कड़ी आलोचना की। इंग्लैंड में मैनचेस्टर सिटी ने संडरलैंड को 5-3 से हराकर गत चैंपियन आर्सेनल पर तीन अंक की बढ़त बना ली। वहीं, क्रिस्टियन पुलिसिच ने इटली में एसी मिलान की लीस पर 3-0 की जीत में इस सत्र का अपना पहला गोल किया।



### *पेरिस सेंट जर्मन नेमार्सेलो को हराया*

*फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मन ने पारंपरिक रूप से सबसे बड़े मुकाबलों में शुमार मैच में मार्सेलो को 2-1 से हराया जबकि नीस ने लिली को 2-1 से शिकस्त दी। सिरी ए में मासिमिलियानो एलेग्री के मार्गदर्शन में नेपोली की खराब शुरुआत का सिलसिला जारी रहा और टीम ने फियोरेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। फ्रांसिस्को कोंसेइकाओ और ग्लेइसन ब्रेमर के गोल की मदद से यूवेंटस ने अटलांटा को 2-0 से हराया जबकि पार्मा ने जेनोआ को 2-1 शिकस्त दी। कोमो को फ्रोसिनोने के खिलाफ 0-2 से हार मिली। बुंदेसलीगा सत्र की शुरुआत में लगातार दो जीत दर्ज करने वाले एल्वर्सबर्ग ने बायर्न म्यूनिख से हार के बाद शाल्के के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला।*

## ब्रीफ न्यूज

### मुंबई के 5 स्टार होटल में खाने की टेबल पर कॉकरोच

**मुंबई।** मुंबई के लग्जरी 5 स्टार होटल जेडब्ल्यू मैरियट का प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट और फोर्टिस हेल्थकेयर के चेयरमैन डॉ. अशोक सेठ ने सोशल मीडिया पर होटल के रेस्टोरेंट को लेकर एक चौंकाने वाला अनुभव शेयर किया है जिसमें उनके डिनर टेबल पर एक छोटा कॉकरोच घूम रहा था इस घटना ने देश के सबसे मशहूर लग्जरी होटलों में से एक में साफ-सफाई को लेकर चिंता पैदा कर दी है। डॉ. सेठ ने इस फाइव स्टार होटल के रोमानो रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे, तभी उन्हें टेबल पर बर्तनों के बीच कॉकरोच दिखा।



### रोकने के बाद भी भाजपा ने गाया पूरा वंदे मातरम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को वंदे मातरम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सदन में बज रही वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग सिर्फ दो पैरा के बाद रोक दी गई। इस पर भाजपा विधायकों ने विरोध जताया और बाकी चार पैरा खुद गाए। भाजपा विधायक अपने साथ वंदे मातरम की लिखित प्रतियां लेकर पहुंचे थे। विधान परिषद में भी भाजपा सदस्यों ने पूरा गीत गाया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल, कांग्रेस ने दो पैरा गाने का आदेश दिया है।



### अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी करेगी बड़े खुलासे

# चोरी के 105 मामले सीसीटीवी कैमरे में कैद एसआईटी की 'चार्जशीट' में होंगे बड़े खुलासे

**नई दिल्ली**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम यानी एसआईटी दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करेगी। एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। ऐसे में अब चार्जशीट के जरिए जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ को बताया कि पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी। अगर इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिलने का आधार बन सकता है। इसी वजह से सरकार ने अदालत को बताया कि एसआईटी दो दिन में चार्जशीट दाखिल करेगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। एसआईटी ने जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में पेश की, जिसका पीठ ने अवलोकन किया। मामले में 25 सितंबर की तारीख इसलिए अहम है क्योंकि पहली गिरफ्तारी के बाद 90 दिन की अवधि उस दिन पूरी हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर इस अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिल सकती है। इसी वजह से उन्होंने अदालत में कहा कि चार्जशीट दो दिन के भीतर दाखिल कर दी जाएगी। एसआईटी की ओर से जांच पूरी होने और स्टेटस रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी भी अदालत को दी गई है।

> सुप्रीम कोर्ट की पीठ को बताया कि पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी। अगर इससे पहले चार्जशीट दाखिल नहीं की गई तो आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत मिलने का आधार बन सकता है।

**चढ़ावा चोरी** में यूपी सरकार ने बताया है कि एसआईटी दो दिन में चार्जशीट दाखिल करेगी

**जांच के दौरान** सीसीटीवी फुटेज से चंदे की चोरी की 105 घटनाओं की पहचान की गई

चार्जशीट दाखिल करने के लिए दो दिन की समय सीमा अहम

जांच पूरी होने की बात कही गई, पहली गिरफ्तारी के 90 दिन 25 सितंबर को पूरे होंगे




### चोरी की घटनाओं का खुलासा

एसआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसी फुटेज के आधार पर चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन घटनाओं की जांच पूरी हो चुकी है। एसआईटी के अनुसार अब जांच का अगला चरण चार्जशीट दाखिल करना है। हालांकि, इन 105 घटनाओं में कितनी रकम की चोरी हुई या किन लोगों की भूमिका सामने आई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इन विवरणों का खुलासा चार्जशीट में होने की बात कही गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच को लेकर दाखिल कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने एसआईटी की जांच की स्थिति अदालत के सामने रखी। पीठ ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट भी देखी। अब दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामले की जांच में सामने आए तथ्यों और आरोपों की विस्तृत तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

## केरलम में लैंडस्लाइड-बाढ़ से 5 मौतें: यूपी में 3 बच्चों की जान गई

**नई दिल्ली।** केरलम में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेज बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर में यलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले रविवार को भारी बारिश ने इडुक्की, मलप्पुरम सहित कई जिलों में तबाही मचाई। लैंडस्लाइड, मडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग लापता हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में बारिश का असर अभी भी कई इलाकों में है। उन्नाव की बस्तियों में नाव चल रही है।

बाराबंकी में रविवार को बारिश के पानी से भरे गड्ढे में नहाते समय तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। गुजरात के भावनगर और राजकोट में रविवार को करीब आधे घंटे तेज बारिश में ही सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। भावनगर के महुवा में साढ़े 4 इंच और राजकोट के गोंडल में साढ़े 3 इंच बारिश हुई। जूनागढ़ के गिरनार जंगल में अचानक बाढ़ आ गई। यहां आत्मेश्वर महादेव मंदिर के रास्ते में बच्चे-बूढ़े सहित 40 से ज्यादा श्रद्धालु फंस गए। वन विभाग और फायर ब्रिगेड ने सभी को बचाया। दूसरी ओर, राजस्थान में मानसून की विदाई के साथ बारिश कमजोर पड़ने लगी है। गर्मी बढ़ने से जैसलमेर में रविवार को तापमान 40.3°C पहुंच गया।

### चुनाव चिन्ह फ्रीज मामला सुको पहुंचा

## बीच चुनाव में फ्रीज कर दिया सिंबल, जल्द सुनवाई को राजी

**नई दिल्ली**



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को राहत मिली। चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर कोर्ट जल्द सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

ममता की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ के सामने मामले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आयोग अधिसूचना जारी करता है और प्रक्रिया के बीच में ही चुनाव चिन्ह फ्रीज कर देता है। सिब्बल के मुताबिक कार्यवाही जून में शुरू हुई थी और जुलाई में जवाब दाखिल किया गया था। इसके बाद अधिसूचना आई और बीच में ही चिन्ह फ्रीज हो गया, इसलिए वे तुरंत सुनवाई और आदेश पर रोक चाहते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामला सूचीबद्ध होने पर दोनों पक्षों को दलीलें रखने का मौका मिलेगा।

विवाद नंदीग्राम उपचुनाव से जुड़ा है, जिसकी अधिसूचना जारी हो चुकी है।

### जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड सात आईटीआई के आधुनिकीकरण में साझेदार बनेगा

## एनएससी ने कुरुक्षेत्र आईटीआई क्लस्टर के लिए पीएम-सेतु के तहत 320 करोड़ रुपए मंजूर किए

*पीएम-सेतु के तहत 10 आईटीआई क्लस्टरों में कुल निवेश अब 2,491 करोड़ रुपए तक पहुँचा*

*आईटीआई के साथ उद्योग को करीब लाने से युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मजबूत रास्ते बनेंगे: जयंत चौधरी*

**नई दिल्ली**

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की राष्ट्रीय संचालन समिति (एनएससी) ने प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु) योजना के तहत हरियाणा में कुरुक्षेत्र आईटीआई क्लस्टर के लिए 320 करोड़ रूपये की रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) को मंजूरी दे दी है। जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड इस क्लस्टर के लिए प्रमुख उद्योग भागीदार के रूप में हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी करेगा। इस मंजूरी के साथ, पीएम-सेतु के तहत स्वीकृत कुल निवेश 10 आईटीआई क्लस्टरों में बढ़कर 2,491 करोड़ रूपये हो गया है, जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उद्योग-संचालित, भविष्य के लिए तैयार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने की सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है जो उभरती हुई कार्यबल आवश्यकताओं के अनुकूल हैं। यह मंजूरी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उद्योग-नेतृत्व वाले परिवर्तन को मजबूत करने और अधिक मांग-संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा आईटीआई के साथ उद्योग को करीब लाने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मजबूत रास्ते बनेंगे। पीएम-सेतु के तहत कुरुक्षेत्र क्लस्टर की मंजूरी कौशल विकास को अधिक प्रासंगिक, महत्वाकांक्षी और उद्योग की बदलती जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मजबूत उद्योग साझेदारियों के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि युवा भारत की विकास गाथा में सार्थक रूप से भाग लेने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और अवसरों से लैस हों।

### एक हब और छह स्पोक आईटीआई का होगा आधुनिकीकरण

कुरुक्षेत्र क्लस्टर को पीएम-सेतु के तहत परिकल्पित हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा और इसमें सात सरकारी आईटीआई शामिल होंगे। सरकारी आईटीआई, कुरुक्षेत्र 'हब आईटीआई' के रूप में कार्य करेगा, जबकि निम्नलिखित संस्थान 'स्पोक आईटीआई' के रूप में कार्य करेंगे। राजकीय महिला आईटीआई कुरुक्षेत्र, राजकीय आईटीआई कैथल, राजकीय महिला आईटीआई कैथल, राजकीय आईटीआई, पेहोवा, राजकीय आईटीआई पबनावा, राजकीय महिला आईटीआई अंबाला सिटी इसमें शामिल हैं।

यह 320 करोड़ रूपये का निवेश पूरे क्लस्टर में एक एकीकृत और उद्योग-अनुकूल स्किलिंग इकोसिस्टम के विकास में सहायता करेगा। प्रस्तावित पहलें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, प्रशिक्षण सुविधाओं के आधुनिकीकरण, उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रम शुरू करने और प्रशिक्षुओं के लिए रोजगार के परिणामों को बेहतर बनाने पर केंद्रित होंगी।

### पीएम-सेतु के बारे में

पीएम-सेतु भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत प्रयोगशालाओं और उपकरणों, उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रमों, उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत और मजबूत उद्योग साझेदारियों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और परिणामों को बढ़ाना है।

# युवाओं को नशा-मुक्ति, 'बॉर्डर दर्शन', योग-मेडिटेशन जैसे अभियानों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए: नवीन

### भाजपा अध्यक्ष ने कहा: मोदी सरकार ने वोकल फॉर लोकल', 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट', 'वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज'

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया और युवाओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लक्ष्य, संकल्प, अध्ययन, अनुभव और धैर्य को सफलता का आधार बताते हुए नशा-मुक्ति, राष्ट्रप्रेम, योग, मेडिटेशन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। इस दौरान नवीन ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और कहा कि देश के भविष्य का निर्माण करने वाली सबसे शक्तिशाली ताकत युवा हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा, प्रतिभा और विचार-क्षमता है तथा यदि इस शक्ति को सही दिशा दी जाए, तो युवा देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

नवीन ने कहा कि आजादी के बाद देश को अक्सर क्षेत्रीय या व्यक्तिगत नजरिए से देखा गया, लेकिन अब 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ 140 करोड़ देशवासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना है। भारत आज दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है, इसलिए युवाओं का दायित्व सबसे बड़ा है। आज की पीढ़ी को जीवन में 'शॉर्टकट' से बचने की आवश्यकता है। आज का युवा भले ही 'रील्स' देखता है, लेकिन उसे पसंद वही आता है जो 'रियल' यानी यथार्थ होता है। बनावटी चीजों की पहुंच सीमित होती है, इसलिए जीवन में लक्ष्य तय करके और एक संकल्प के साथ सही रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। छात्र चाहे डॉक्टर बनें, इंजीनियर बनें या उद्यमी, उनका अंतिम लक्ष्य केवल स्वयं या परिवार का विकास नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। हमारा मानना है कि कोई भी काम छोटा नहीं होता। बड़े मन से किया गया छोटा काम भी बड़ा हो जाता है और छोटे मन से किया गया बड़ा काम भी छोटा रह जाता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 15 अगस्त को शुरू किए गए नशा-मुक्ति अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। हमारा सुझाव है कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम और समर्पण की भावना को गहराई तक उतारने के लिए उत्तर प्रदेश में भी 'बॉर्डर दर्शन' कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए। जब युवा सीमा पर जाकर खुले आसमान के नीचे देश की रक्षा कर रहे सैनिकों को देखते हैं, तो उनके भीतर भी देश के प्रति असीम समर्पण का भाव जागृत होता है, जो उन्हें जीवन में कभी भटकने नहीं देता। उन्होंने कहा कि इस समय बिहार बाढ़ की समस्या से जूझ रहा है। बिहार में बाढ़ का मुख्य कारण नेपाल की तराई से आने वाला पानी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 'नदियों को जोड़ने' के विजन दिया था, जिसे अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। कोसी क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये की योजना से नेपाल की तराई में नदियों को जोड़ने का काम शुरू हो चुका है, जिससे इस विभीषिका से निजात मिलेगी। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लोबल वार्मिंग के कारण कई आपदाएं उत्पन्न होती हैं। इससे बचने के लिए हम युवाओं से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह करते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज का भारतीय युवा अब नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन गया है। देश में 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स और वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर रहे यूनिकॉर्न्स इस बात का प्रमाण हैं। भाजपा सरकार अंत्योदय के तहत आखिरी व्यक्ति तक लाभ और विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ माताओं-बहनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए शौचालय और 3 करोड़ 'लखपति दीदी' को स्वावलंबी बनाने का अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। नवीन ने सभी छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे भारत के स्पेस, इनोवेशन और विकास की इस ऐतिहासिक यात्रा से स्वयं को जोड़ें और अपनी ऊर्जा से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।



नितिन नवीन ने उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

## चुनाव आयोग ने किसी विसंगति से किया इनकार

### एसआईआर सूची में इसी नाम और पिता के नाम से कोई मिलान नहीं मिला

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के वोटर मैपिंग पर पूर्व सांसद साकेत गोखले के उठाए सवाल

**नई दिल्ली**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की दिल्ली की ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टि को लेकर तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे हैं। गोखले ने दावा किया कि दिल्ली की ड्राफ्ट स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) मतदाता सूची में ज्ञानेश कुमार का नाम उनके पिता सुबोध कुमार के नाम के साथ दर्ज है, लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश, केरल और दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची में इसी नाम और पिता के नाम से कोई मिलान नहीं मिला।

हालांकि, चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने इन सवालों को खारिज करते हुए है कहा कि ज्ञानेश कुमार का नाम पिछली एसआईआर में उनके पिता के नाम के आधार पर मैप किया गया है और इसमें कोई विसंगति नहीं है। आयोग के मुताबिक, इसलिए उन्हें "अन-मैप्ड" या "लॉजिकल डिक्रिपेंसिस" श्रेणी में रखने का सवाल नहीं उठता।



### गोखले ने क्या दावा किया

गोखले ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली की ड्राफ्ट एसआईआर मतदाता सूची में प्रविष्टि ₹ज्ञानेश कुमार, पुत्र सुबोध कुमार के नाम से है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार उत्तर प्रदेश में जन्मे हैं, केरल कैडर के आईएस अधिकारी रहे हैं और दिल्ली में भी उनकी पोस्टिंग रही है। गोखले के मुताबिक, उन्होंने उत्तर प्रदेश, केरल और दिल्ली की पिछली एसआईआर की मतदाता सूचियों में रिकॉर्ड तलाशा, लेकिन तीनों राज्यों में उन्हें ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। उन्होंने एसआईआर की मैपिंग प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम पिछली एसआईआर से मैप नहीं होता है तो उसे चिह्नित किया जाता है और नोटिस जारी किया जाता है। इसी आधार पर उन्होंने सवाल उठाया कि यदि नाम पिछली एसआईआर में नहीं मिलता है तो उनकी मौजूदा मतदाता प्रविष्टि को किस आधार पर मैप किया गया।

### चुनाव आयोग ने क्या कहा

चुनाव आयोग के प्रवक्ता के अनुसार, ज्ञानेश कुमार की वर्तमान मतदाता प्रविष्टि को उनके पिता के नाम के साथ पिछली एसआईआर के रिकॉर्ड से मैप किया गया है। आयोग ने कहा कि इसमें कोई विसंगति नहीं है। आयोग के इस स्पष्टीकरण के बाद गोखले द्वारा उठाए गए सवाल का मुख्य बिंदु अब यह है कि सीईसी की वर्तमान प्रविष्टि किस पुराने रिकॉर्ड से और किस राज्य की पिछली एसआईआर से मैप की गई है। हालांकि, उपलब्ध आधिकारिक स्पष्टीकरण में उस पुराने रिकॉर्ड या संबंधित राज्य का नाम सार्वजनिक रूप से नहीं बताया गया है।

## राज पर रील बनाने वाले के सिर पर रखवाई चप्पल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे पर टिप्पणी वाली रील के मामले में इन्फ्लुएंसर महेश मोटे से माफी मंगवाने का वीडियो सोमवार को सामने आया।



आरोप है कि एमएनएस कार्यकर्ताओं ने उनका चेहरा काली स्याही से पोता, राज ठाकरे की तस्वीर के सामने दंडवत करवाया और सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक कराई। वीडियो में मोटे रोते हुए हाथ जोड़कर बिना शर्त माफी मांगते और आगे ऐसी गलती न करने की बात कहते दिख रहे हैं।

एमएनएस के हडपसर क्षेत्र के उपविभाग अध्यक्ष शुभम जगदाले का दावा है कि मोटे ने करीब 15 दिन पहले वीडियो में राज ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल की थी। केरल से लौटने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें कात्रज के एक पार्क से पकड़ा और पार्टी कार्यालय ले गए। जगदाले ने इसे महाप्रसाद और एमएनएस स्टाइल बताया। यह स्पष्ट नहीं है कि पुलिस ने कोई केस दर्ज किया है या नहीं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in